# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025

## खबर संक्षेप

### कुबेरेश्वर धाम में 3 दिन में महिला समेत 3 की मौत



**सीहोर।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में तीन दिन में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 6 बजे अचेत हालत में मिलने पर एक महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। कोतवाली थाना पुलिस को जानकारी भेजी। महिला का नाम मंजू (55) है। वह कुबेरेश्वर धाम में चल रहे रुद्राक्ष महोत्सव में कथा सुनने गुजरात से आई थी। उसके साथ कौन था और वह गुजरात में कहां की रहने वाली है, इसका पता नहीं चल सका है। इससे पहले कुबेरेश्वर धाम में रविवार को गोलू कोष्टा (25) की मौत हुई थी। वह जबलपुर का रहने वाला था। शनिवार को धाम में कानपुर से आए विजेंद्र ने दम तोड़ दिया था।

### ओला इलेक्ट्रिक से 1000 लोग होंगे बाहर



**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी भाविश अग्रवाल के मालिकाना हक वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। पिछले साल भी कंपनी ने 500 कर्मचारियों को निकाला था। इस कॉस्ट कटिंग के साथ ओला इलेक्ट्रिक अपने घाटे को कम करना चाहती है। हालांकि कंपनी ने इस पर बयान नहीं दिया।

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर सुसाइड की कोशिश



**देवास।** सोनकच्छ के पूर्व भाजपा विधायक सुरेंद्र वर्मा के बेटे प्रमोद वर्मा ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। शुक्रवार रात हुई इस घटना के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। प्रमोद के पास से मिले चार पेज के सुसाइड नोट में उसने पत्नी, सास और दो साले पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया, साथ ही लिखा- कभी शादी मत करना।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की जीआईएस के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा

# निवेश प्रस्तावों के फॉलोअप के लिए छह स्तरीय 'कार्य योजना'

**अगले सप्ताह रखी जाएगी 850 करोड़ रूपए के निवेश से नीमच सौर परियोजना की आधारशिला**

**प्रत्येक विभाग में रिलेशनशिप मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी**

**प्रमुख सचिव प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कर मुख्य सचिव को रिपोर्ट देंगे**

**एमपीआईडीसी में विशेष सेल अंतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेगा**

*डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावों को वास्तविक निवेश में परिवर्तित करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य होगा। इसके लिए प्राथमिकता पर प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का यह कारवां निरंतर जारी रहेगा। प्रदेश में उद्योगों के लिए विद्यमान बेहतर अधोसंरचना और निवेश वातावरण के परिणामस्वरूप उद्योग समूह त्वरित रूप से अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहे हैं। अगले सप्ताह 850 करोड़ रूपए के निवेश से स्थापित होने वाली नीमच सौर परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों के प्रभावी फॉलो-अप के लिए छह स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। इसके तहत एमपीआईडीसी से निवेश प्रस्तावों की स्क्रीनिंग और डेटा प्रविष्टि कर उनका विभागवार वर्गीकरण किया जाएगा।




### प्लग-एंड-प्ले सुविधा विकसित की जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वास्तविक निवेश में परिवर्तित करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य होगा। इसके लिए प्राथमिकता पर प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। सेक्टर फोकस्ड औद्योगिक सेक्टरों का भी विकास होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर्स को भूमि और जल की आवश्यकता से अवगत कराकर समय-सीमा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। निवेशक अपनी इकाई का शीघ्रता से संचालन शुरू कर सकें, इसके लिए प्लग-एंड-प्ले सुविधा विकसित की जाएगी।

### विभिन्न सेक्टरों में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विभिन्न सेक्टरों में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में 8 लाख 94 हजार 301 करोड़ निवेश के 441 प्रस्ताव, इंफ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख 37 हजार 329 करोड़ रुपए निवेश के 870 प्रस्ताव, खनन और खनिज क्षेत्र में 3 लाख 25 हजार 321 करोड़ रूपए के 378 निवेश के प्रस्ताव, रक्षा-विमानन और एयरोस्पेस में 3 लाख 01 हजार 681 करोड़ के 8 प्रस्ताव और पेट्रोकेमिकल्स-रसायन-प्लास्टिक व संबद्ध क्षेत्र में 1 लाख 4 हजार 158 करोड़ रुपए निवेश के 237 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### 89 एमओयू हस्ताक्षर हुए

मुख्यमंत्री जीआईएस के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समिट में कुल 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। लगभग 21 लाख 40 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे। जीआईएस में 25 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। इसमें 9 पार्टनर कंट्री और 60 से अधिक देशों से 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट शामिल हुए। जीआईएस में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और उद्योगों की भागीदारी रही। जीआईएस में 10 सेक्टरल सत्र, 6 कंट्री सेशंस, 6 समिट, 70 से अधिक वन-टू-वन बैठकें, 5 हजार से अधिक बी-टू-बी मीटिंग और 600 से अधिक बी-टू-जी मीटिंग्स संपन्न हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नई निवेश नीतियां लांच की गई और 89 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।ऑटो-एक्सपो, टैक्सटाइल एक्सपो, ऑक्सफोर्ड, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट एग्जीबिशन के साथ ही एमपी पवेलियन और डिजिटल एक्सपीरियंस जोन, जीआईएस में आकर्षण का विशेष केंद्र रहे।

## पीएम मोदी पहुंचे गिर अभयारण्य



*पीएम ने पोस्ट में लिखा-गिर में शेर और शेरनियां, मैंने फोटोग्राफी में हाथ आजमाया*

## खुली जीप में की 'जंगल सफारी' एशियाई शेरों को करीब से देखा



एजेंसी ⏭ जूनागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर सोमवार को गुजरात के जूनागढ़ जिले स्थित 'गिर वन्यजीव अभयारण्य' में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। पीएम मोदी को गिर के एशियाई शेरों की झलक कैद करने के लिए सफारी पोशाक पहने और कैमरा पकड़े देखा गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट शेयर किए। जिनमें से एक में उनकी फोटोग्राफी की झलक भी थी।

*आकाश ने कहा था-यह गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई*

## आकाश के बयान से और नाराज हुईं मायावती, पार्टी से ही बाहर कर दिया

**मायावती बोली-उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी**

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने के बाद सोमवार को पार्टी से ही निष्कासित कर दिया। मायावती ने कहा कि उन्होंने अपरिपक्वता का परिचय दिया है।



अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मायावती ने कहा कि रविवार को आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था।

### आकाश ने ये दिया था बयान... बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं

*आकाश आनंद ने कहा कि अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है।*

**रणवीर इलाहाबादिया को बड़ी राहत**

## सुप्रीम कोर्ट ने शो शुरू करने की दी इजाजत कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने की 'शर्त'

**प्रतिबंध इस आधार पर हटा दिया कि इलाहाबादिया 280 लोगों को रोजगार दे रहे थे**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया को सोशल मीडिया पर अपने पॉडकास्ट और शो अपलोड करने की अनुमति दे दी।



### वकील ने कहा पॉडकास्टर कोई अपशब्द नहीं बोलेगा


हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 'द रणवीर शो' पर प्रतिबंध इस आधार पर हटा दिया कि इलाहाबादिया 280 लोगों को रोजगार दे रहे थे। वह अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह से यूट्यूब वीडियो/पॉडकास्ट पर निर्भर थे। इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि पॉडकास्टर कोई भी अपशब्द नहीं बोलेगा।




### तेज धूप का असर दिन का 36 रात में 20 डिग्री पार पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम साफ रहने से धूप का असर बढ़ा है। हवाएं बदल रहीं हैं, लेकिन धूप में तेजी से सोमवार को तापमान में घट-बढ़ रही। सिवनी में जहां दिन का पारा 35.8 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं खंडवा में रात का तापमान 20.4 डिग्री रहा है। भोपाल में दिन और रात का तापमान मामूली बदलाव के साथ 32.2 और 15.9 डिग्री पर थमा रहा है। यह दोनों तापमान सामान्य के करीब रहे। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं।



# कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग-अलग स्थानों पर होगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

## कटनी में जल्द ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी कॉन्क्लेव का होगा आयोजन

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया संवाद

हरिभूमि ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण है। प्रदेश में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जाएगी।

कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी में शीघ्र ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में कही।

### सबसे पहले इंदौर में आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी





सीएम ने कहा कि शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन (विशेषकर धार्मिक पर्यटन) और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में माइनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग के नजरिए से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मप्र में औद्योगिक निवेश के नजरिए से अनुकूलता है।

### औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में अलग-अलग प्रकार की परिस्थितियों के साथ संभावनाएं भी है। मप्र अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं।

### विकास को लेकर मिशन के तौर पर प्रयास होंगे

कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में मुख्यमंत्री, सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किए जाएंगे। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसके तहत माइनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर संभावनाएं उपलब्ध होंगी, प्रदेश की उन 10 अलग-अलग जगहों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।

### एक जिला एक उत्पाद के तहत चयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सैंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।

---

### प्रहलाद पटेल के बयान से उजागर हुआ राजशाही चेहराः अग्रवाल

**भोपाल**। खुद वोट मांगने जाए तो भिखारी नहीं, जनता के काम न होने पर आवेदन दे तो भिखारी? मंत्री प्रहलाद पटेल जनता से इतनी नफरत कहा से सिखते हो। उक्त तंज कसते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने प्रहलाद पटेल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पटेल के इस बयान से भाजपा का असली चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। अग्रवाल ने कहा कि एक और जनता अपने खून पसीने की कमाई में से विभिन प्रकार से 50 प्रतिशत टैक्स दे रही है और उस टैक्स के बदले नेता अधिकारी बिजली, पानी, बंगला, नौकर चाकर, विभिन्न प्रकार के भत्ते, गाड़ी डीजल, खाना सब फ्री में ले रहे हैं।

---

## पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कॉन्फ्रेंस

# ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ के माध्यम से चुनाव पर विचार

## लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन : राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। मप्र में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछड़े कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई। मप्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज्य निर्वाचन आयोग की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में कही। कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जाने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परीक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत का यह अनुभव है

### ईवीएम शेयरिंग होना चाहिए

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने के उद्देश्य से राज्यों के बीच ईव्हीएम शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त उनके राज्य में किए गए नवाचारों को साझा करेंगे। इससे अन्य राज्यों में भी उसे लागू किया जा सकेगा। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता असम के राज्य निर्वाचन आयुक्त आलोक कुमार ने की।

### त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव




राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है।

### लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन

*आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग की आयुक्त नीलम साहनी ने स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया गया।*

### सरल होगी प्रक्रिया

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

*मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेस बूथ प्रणाली तथा इंटरग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने की कार्ययोजना पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पेपरलेस बूथ प्रणाली में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे ।*

### नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया

*लखनादौन एसडीएम रवि सिहाग तथा सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा की ओर से ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस और सुविधाजनक निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग त्रिपुरा ने राज्य में स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया।*



जबलपुर
मंगलवार, 4 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष -5
- वर्ष : 19, अंक : 299
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

## स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन उपयोग पर रोक लगाना 'अव्यवहारिक'



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में कहा कि स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध एक 'अवांछनीय और अव्यावहारिक' दृष्टिकोण है और इसे विनियमित किया जाना चाहिए तथा निगरानी रखी जानी चाहिए।

## मप्र और जम्मू कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच हुआ एमओयू

# मप्र निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर के निकाय चुनाव में ईवीएम, पोलिंग स्टाफ की ट्रेनिंग देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

.राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन मप्र राज्य निर्वाचन आयोग और जम्मू एवं कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ।

इसके तहत मप्र राज्य निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया को सशक्त करने में मदद करेगा। नेशनल कांफ्रेंस में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन दिया।



◆ मप्र के पेंच नेशनल पार्क सिवनी में देश भर के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस

### निर्वाचन आयुक्तों के समक्ष विषय विशेषज्ञों ने दिए प्रेजेंटेशन

आईसीपीएस (इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंटलरी स्टडीज) लंदन के डायरेक्टर अरविंद वेंकटरमन ने 'रिकगनाइजिंग इंडियास रोल एस ग्लोबल लीडर इन इलेक्शन एंड इलेक्टोरल डिप्लोमेसी' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने भारत जैसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश मे निर्वाचन प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए इलेक्टोरल मैनेजर, ई-लर्निंग जैसे ए-आई टूल्स तथा ब्लॉक चैन के उपयोग करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सेल्स डायरेक्टर एपीएसी टर्की मेहमत बुरक ने दूरस्थ मतदाता के पंजीयन तथा ऑनलाइन मतदान की कार्ययोजना पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने मतदाताओं के डिजिटल प्रक्रिया से पंजीयन तथा बायोमीट्रिक से मतदाताओं के पहचान करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी। कनाड़ा, बेनिन में वोटर रजिस्ट्रेशन एप्लिकेशन का डेमो भी दिया।

### सुविधाजनक पारदर्शी निर्वाचन कराने में ईवीएम की भूमिका

देश मे सुगम, सुविधाजनक पारदर्शी निर्वाचन कराने में ईवीएम, सॉफ्टवेयर सहित अन्य सपोर्ट उपलब्ध कराने वाले संस्थान इलेक्ट्रानिक्स कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईआईटी लिमिटेड बेंगलुरु के प्रतिनिधियों ने राज्य निर्वाचन आयुक्तों के समक्ष निर्वाचन में किए जा रहे अनुसंधानों के बारे में अपना प्रेजेंटेशन दिया।

विशेष रूप से नवीन एस-3 ईवीएम, इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग की कार्यविधि और लाभ को रेखांकित किया। इसी तरह पोलिंग एवं काउंटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न एप्लीकेशन के संबंध में आईएनसीटी चेन्नई के सीईओ गजपथी ने प्रेजेंटेशन दिया। अमिट स्याही और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री के संबंध में हैदराबाद एवं जयपुर की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन दिया।




### खबर संक्षेप

#### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 2 की मौत



**हरदा।** सोमवार दोपहर साढ़े बारह बजे नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर सोयाबीन प्लांट के पास दोपहर एक बजे गोबर खाद से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नगवामाल निवासी अशोक सारण (48) और उनके भतीजे मुकुल सारण (27) के रूप में हुई है।

#### भीख वाले बयान पर रावण से की तुलना



**ग्वालियर।** सोमवार को ग्वालियर पहुंचे कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख मांगने वाले बयान पर उनकी तुलना रावण से की है। सिंघार ने कहा कि प्रहलाद पटेल वरिष्ठ और गंभीर मंत्री हैं। इतने सालों की सरकार है तो किसी को भी घमंड तो आ ही जाता है। रावण का घमंड भी खत्म हो गया था।

#### बैडमिंटन खेलते समय डॉक्टर की हुई मौत



**इंदौर।** आई स्पेशलिस्ट डॉ. अनुराग श्रीवास्तव का सोमवार को अचानक निधन हो गया। बैडमिंटन खेलने के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई। वे कुर्सी पर बैठे और बेसुध हो गए। साथी डॉक्टर ने उन्हें सीपीआर भी दिया। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। माना जा रहा है कि उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव की उम्र 64 वर्ष थी।

'सियासी पिच' पर आई क्रिकेट की पिच

# रोहित को टीम में नहीं होना चाहिए कांग्रेस व तृणमूल के 'बिगड़े बोल'

**कांग्रेस ने पहले कहा**

क्रिकेटर रोहित मोटे, उनको वजन कम करना चाहिए फिर पल्ला झाड़ा

**भाजपा ने कहा- कांग्रेस के लिए तो बस एक ही आदमी राहुल गांधी ही उपयुक्त**

*भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेत्री व प्रवक्ता शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर जमकर बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेत्री व प्रवक्ता शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर जमकर बवाल मचा हुआ है। शमा ने अपने पोस्ट में कहा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! ... और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान।कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के रोहित के वजन पर दिए गए बयान से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें ट्वीट हटाने को कहा। इस पर शमा मोहम्मद ने अपने आलाकमान की बात मानते हुए तत्काल एक्स से अपनी पोस्ट हटा भी ली। बीसीसीआई ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। हालांकि, मामला यहां खत्म होता दिखाई नहीं दे रहा है। अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि कांग्रेस नेता ने जो कहा है, वह सही है। रोहित शर्मा को टीम में होना ही नहीं चाहिए।

» ***शमा की दलील-यह बॉडी शेमिंग नहीं, एक खिलाड़ी को फिट रहना चाहिए***

» ***बीसीसीआई ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया***

*बीसीसीआई ने भी की निंदा*

#### कहा-यह टिप्पणी सर्वथा अनुचित

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे कप्तान के लिए इस तरह की टिप्पणी एक ऐसे व्यक्ति की ओर से आई है जो एक जिम्मेदार पद पर है, खासकर ऐसे समय में जब टीम इंडिया एक आईसीसी टूर्नामेंट खेल रही है और टीम सेमीफाइनल मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।



*कांग्रेस ने प्रवक्ता को लगाई फटकार*

#### कहा-शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं

आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने अपनी प्रवक्ता को जमकर फटकार लगाई और आगे से ऐसी टिप्पणियों से बचने की नसीहत दी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल के नायकों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती।

#### भाजपा-शिवसेना ने किया पलटवार

**कहा- 90 चुनाव हारने वाला बहुत प्रभावशाली**



भाजपा नेताओं सहित कई लोगों मामले में कांग्रेस नेता की आलोचना की और मुख्य विपक्षी दल को निशाने पर लिया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया- जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। दिल्ली में छह बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनावी हार प्रभावशाली है, लेकिन टी20 विश्व कप जीतना नहीं! वैसे, कप्तान के रूप में रोहित का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है।

आईएसआई से ली थी ट्रेनिंग

# अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश



◆ फरीदाबाद से हैंड ग्रेनेड के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है, जो आईएसआई के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) मॉड्यूल से जुड़ा था। वह अयोध्या राम मंदिर पर हमला करने की साजिश रच रहा था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड मिले, जिन पर किसी देश या कंपनी का मार्क नहीं है। इससे स्मगलिंग की आशंका जताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान (19) पुत्र अबूबकर के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) का निवासी है। संदिग्ध को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया, जहां वह आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था। रहमान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था और उसे अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले के लिए तैयार किया गया था।

#### राम मंदिर की रेकी और हमले की साजिश

जांच में यह भी सामने आया है कि अब्दुल रहमान पहले भी कई बार अयोध्या के राम मंदिर की रेकी कर चुका था और उसने वहां की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आईएसआई को साझा की थी। जांच के अनुसार फैजाबाद से ट्रेन पकड़कर अब्दुल रहमान पहले फरीदाबाद पहुंचा था, जहां उसे एक हैंडलर ने हैंड ग्रेनेड दिए। योजना थी कि वह वापस ट्रेन से अयोध्या पहुंचे और वहां हमला करे। लेकिन इससे पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिल गया। अब्दुल रहमान से फिलहाल हरियाणा पुलिस और केंद्रीय एजेंसियांगहन पूछताछ कर रही हैं।

सीएम स्टालिन का चौंकाने वाला बयान

## पहले कहता था आराम से करें पर अब 'तुरंत' बच्चे पैदा करें



अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने बयान में कहा कि पहले हम कहते थे कि आप आराम से बच्चे पैदा करें, लेकिन अब हालात बदल गए हैं और अब हमें कहना चाहिए कि तुरंत बच्चेपैदा करें। सीएम ने कहा कि राज्य में सफलतापूर्वक जनसंख्या नियंत्रण करने का अब राज्य को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने चेताया कि अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है।

55 फेक आईडी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

## हर्षा बोलीं- मेरे एआई जनरेट अश्लील वीडियो बनाए जा रहे



साइबर क्राइम थाने पहुंची सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित हुई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने स्टेट साइबर क्राइम थाने में 55 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया कि फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स से उनके नाम पर धोखाधड़ी, स्कैम और एआई की मदद से आपत्तिजनक तस्वीरें और अश्लील वीडियो बनाकर डाले जा रहे हैं। विज्ञापन के नाम पर अवैध वसूली भी की जा रही है। हर्षा का कहना है कि वे ऑनलाइन उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं।

*सोशल मीडिया को लेकर सुप्रीम ने केंद्र से मांगा जवाब*

## कंटेंट हटाने से पहले यूजर को मिले जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट या सामग्री को यूजर या स्रोत को सुनवाई का अवसर दिए बिना ब्लॉक कर दिया जा रहा। दरअसल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्जमसीह की पीठ ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के नियम 16 को रद्द करने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा।




**ऑस्कर अवार्ड** *अनोरा बेस्ट फिल्म, एड्रियन ब्रॉडी-माइकी मैडिसन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व अभिनेत्री*

## अनोरा एक सेक्स वर्कर की जिदंगी की कहानी जिसमें प्यार व विवाह और समाज से 'जंग' भी



*लॉस एंजेलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित ऑस्कर अवॉर्ड में कई हॉलीवुड फिल्मों ने बाजी मारी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

97वें अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2025 का शानदार आगाज हुआ। इस बार अकेडमी अवॉर्ड्स को कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट किया। यहां फिल्म अनोरा की धूम रही, इसने 5 अवॉर्ड जीते। बेस्ट एक्टर बने एड्रियन ब्रॉडी और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड माइकी मैडिसन ने जीता। सीन बेकर के निर्देशन में बनी अनोरा ने पिछले साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी।



एड्रियन ब्रॉडी और माइकी मैडिसन, जो साल्डाना, सीन बेकर ने अवॉर्ड लिया

#### ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'अनुजा'

अनुजा बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसे एडम ग्रेव्स ने बनाया है। प्रियंका चोपड़ा, गुनीत मोंगा बतौर को-प्रोड्यूसर मूवी से जुड़ी हैं। अनुजा, 9 साल की बच्ची की कहानी है, जो फैक्ट्री में काम करती है। अनुजा का रोल सजदा पठान ने निभाया है, वो असल में चाइल्ड लेबर थीं। कीरन कल्किन ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवॉर्ड जीतने की रेस में एडवर्ड नॉर्टन, यूरा बोरिसोव, गाय पीयर्स और जेरेमी स्ट्रॉन्ग को पछाड़ा।

## ‘आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव’ में बोले राजनाथ सिंह

# असली बैलेंस शीट में संतोष और खुशी की संपत्ति अधिक हो न कि वित्तीय आंकड़े, समाज वीर सैनिकों का करे समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित ‘आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव’ में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश के नागरिकों से सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण में योगदान देने की अपील की। रक्षा मंत्री ने इसे हर नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य बताते हुए कहा कि भारतीय सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन यह पूरे समाज की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने वीर सैनिकों का समर्थन करें। इस कॉन्क्लेव में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, सीएसआर जगत के प्रमुख सदस्य, तथा सेवारत और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

1 निजी क्षेत्र की भागीदारी से भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनेगा

2 भारत 2027 तक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा शामिल



**योगदान भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण**

*राजनाथ सिंह ने उद्योग जगत के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) केवल 2% योगदान देने की बात नहीं है बल्कि यह सैनिकों और उनके परिवारों के साथ दिल से जुड़ने का एक तरीका है। जो भी योगदान दिया जाएगा, वह केवल आर्थिक नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कॉरपोरेट जगत से अपील की कि जब वे अपनी असली “बैलेंस शीट” देखें, तो उसमें संतोष और खुशी की संपत्ति अधिक होनी चाहिए, न कि केवल वित्तीय आंकड़े।*

### शीर्ष सीएसआर दाताओं को सम्मानित किया

रक्षामंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि बढ़ती निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ भारत 2027 तक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, राजनाथ सिंह ने कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड में किए गए योगदान की सराहना की और शीर्ष सीएसआर दाताओं को सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध में शहीद हुए जवानों के परिवारों, उनके बच्चों और पूर्व सैनिकों की भलाई के लिए लगातार काम कर रहा है।

## भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत: सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन से मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत करते हुए अपनी कंपनियों का विस्तार करके भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपने पदचिह्न का विस्तार करके और भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।



**भारत और बेल्जियम रक्षा सहयोग तंत्र करेंगे मजबूत**

बैठक में दोनों पक्षों ने इंडो-पैसिफिक, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा जुड़ाव की संभावना पर चर्चा की। दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र की खोज करने पर सहमत हुए। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### मोजिला फायरफॉक्स ने बदली प्राइवेसी पॉलिसी




**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मोजिला ने फायरफॉक्स के लिए नई उपयोग शर्तें जारी की थीं। यूजर्स के तमाम तरह के आरोपों के बाद कंपनी ने कबूल किया है कि वह लोगों की प्रतिक्रिया का स्वागत करता है। मोजिला ने संशोधित शर्तों में अब यह कहा है कि आप मोजिला को फायरफॉक्स संचालित करने के लिए आवश्यक अधिकार प्रदान करते हैं। इसमें आपका डेटा उसी प्रकार सेव किया जाएगा जैसा कि फायरफॉक्स की गोपनीयता सूचना में बताया गया है।

### चंद्रयान की बराबरी नहीं कर पाया ब्लू घोस्ट



**वॉशिंगटन।** रविवार को अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट मिशन 1 स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 8:34 बजे मॉन्स लैट्रेल के पास उतरा। यह चंद्रमा के उत्तर-पूर्वी भाग में मारे क्रिसियम में एक ज्वालामुखीय संरचना है। चंद्रयान ने विक्रम लैंडर के साथ में प्रज्ञान नाम का रोवर भी भेजा था, जो चंद्रमा की सतह पर चला। लेकिन गोल्डेन लैंडर में कोई भी रोवर नहीं है। भारत का विक्रम लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। यहां लैंडिंग करवाना कठिन है।

## यूक्रेन को समर्थन देने में यूरोपीय संघ के नेताओं ने दिखाई एकजुटता

# राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- अब अमेरिका के संग सुरक्षा समझौतों और शांति के लिए होगी चर्चा

*जेलेंस्की ने समर्थन देने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया*

*कहा- हम अंतहीन युद्ध नहीं शांति चाहते हैं, पर सुरक्षा गारंटी अहम*

एजेंसी ▶▶ कीव/ लंदन

बीते हफ्ते ट्रंप के साथ मुलाकात में गरमा-गरमी होने के बाद जेलेंस्की लंदन पहुंचे थे। जहां रविवार को यूरोपीय देशों के नेताओं ने यूक्रेन के समर्थन में बैठक की। बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन की मदद बढ़ाने पर सहमति जताई। यूरोपीय देशों ने अपना रक्षा बजट बढ़ाने पर भी सहमति दी। हालांकि ये यूरोपीय देश भी और यूक्रेन भी जानते हैं कि उनके लिए अमेरिका को पूरी तरह से दरकिनार करना आसान नहीं होगा। यही वजह है कि जहां वे एक तरफ एकजुटता दिखा रहे हैं, लेकिन साथ ही अमेरिका को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने भी वीडियो संदेश जारी कर यही करने की कोशिश की है। लंदन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि वे फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध) रोकने की योजना बना रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पेश किया जाएगा।

**जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना की**



वहीं वोलोडिमीर जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा कि लंदन सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य के लिए था। हमें यूरोप से मजबूत समर्थन मिल रहा है - हमारे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की यह एकता लंबे समय बाद देखने को मिली है और अब अमेरिका के साथ सुरक्षा समझौतों और न्यायसंगत शांति के लिए बातचीत हो रही है। जेलेंस्की ने भविष्य में कई महत्वपूर्ण बैठकों और फैसलों की बात भी कही और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया। उन्होंने यूरोप को भी समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इन दिनों यूरोप में यूक्रेन के प्रति समर्थन, एकजुटता और सहयोग करने की इच्छा दिख रही है। सभी शांति के लिए एकजुट हैं और ये पूरे यूरोप की सोच है।

### यूरोप में साहस की कमी: पोलैंड पीएम

यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में बैठक से पहले पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि यह एक विरोधाभास है कि 50 करोड़ यूरोप की जनता 30 करोड़ अमेरिकियों से गुहार लगा रही है कि वे 14 करोड़ रशियन से उनकी रक्षा करें। उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका की स्थिति को एक ‘दुविधा’ बताया और कहा कि हमें इस दुविधा से उबरने की जरूरत है।

### देश की समस्याओं की चिंता जरूरी: ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बजाय अमेरिका में हो रही प्रवासी समस्याओं पर ध्यान दें। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए।

### जेलेंस्की ने फिर वीडियो संदेश में अमेरिकी मदद के लिए जताया आभार



यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रुख में नरमी लाते हुए एक वीडियो संदेश जारी कर अमेरिकी मदद के लिए आभार जताया है। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हम अमेरिका की अहमियत समझते हैं और अमेरिका से हमें अब तक जो भी मदद मिली है, हम उसके लिए उनके आभारी हैं। एक भी दिन ऐसा नहीं गया है, जब हमने कृतज्ञता जाहिर नहीं की है। यह कृतज्ञता हमारी आजादी के संरक्षण के लिए है। यूक्रेन का जुझारूपन, उस पर आधारित है, जो हमारे सहयोगियों ने हमारे लिए और खुद अपनी सुरक्षा के लिए किया है। हम अंतहीन युद्ध नहीं चाहते और हम भी शांति चाहते हैं, लेकिन इसके लिए सुरक्षा गारंटी अहम है।

## एलजी सिन्हा का बड़ा बयान

# सरकार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए पूरी प्रतिबद्ध



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों की राज्य के दर्जे की आकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सात साल में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले बजट सत्र को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह सत्र महज एक विधायी औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की सबसे बड़ी आकांक्षाओं में से एक पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना है। सरकार इस आकांक्षा को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। उन्होंने कहा कि सरकार इस आकांक्षा के भावनात्मक और राजनीतिक महत्व को पहचानती है।

### लोगों की आशाओं को पूरा करेंगे

उपराज्यपाल ने कहा कि यह बजट दस्तावेज न केवल वित्तीय है, बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य के लिए जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को भी दर्शाता है। उन्होंने शांति और समृद्धि बनाए रखने और लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। सरकार जम्मू-कश्मीर को एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। केंद्र शासित प्रदेश में नेकां के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद से यह जम्मू-कश्मीर विधानसभा का दूसरा सत्र है। इससे पहले, सरकार के गठन के ठीक 20 दिन बाद पिछले साल 4 से 8 नवंबर तक विधानसभा की बैठक श्रीनगर में हुई थी।

### 2018 में पेश किया था आखिरी बजट

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अंतिम बार बजट वर्ष 2018 में प्रस्तुत किया गया था, उस समय जम्मू-कश्मीर पूर्ण राज्य था। 5 अगस्त 2019 को पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख में पुनर्गठित हुआ। जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द कर दिया और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया। गत वर्ष अक्टूबर में विधानसभा का गठन हुआ। विधानसभा का पहला सत्र गत नवंबर में हुआ था।

## ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे सीडीएस

# संयुक्त अभियानों पर चर्चा के साथ कमांड मुख्यालय का भी करेंगे दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा 4 मार्च से शुरू होगी और 7 मार्च तक जारी रहेगी। यात्रा के दौरान वह ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा करेंगे। चर्चा में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, उनके रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे होते संबंधों को दर्शाती है। अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान सीडीएस, जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे। वह यहां ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा में शामिल होंगे। जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की परिचालन कमांड संरचना की जानकारी हासिल करने और संयुक्त अभियानों की संभावित पहल पर चर्चा करने के लिए फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे।

**4 दिवसीय दौरे पर**

### पेशेवर सैन्य प्रशिक्षण और सैनिक शिक्षा पर करेंगे चर्चा

जनरल चौहान ऑस्ट्रेलियाई फ्लीट कमांडर और ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांडर से भी बातचीत करेंगे। पेशेवर सैन्य प्रशिक्षण और सैन्य शिक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए, सीडीएस प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा भी करने वाले हैं। यहां वह भारत-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक चुनौतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करेंगे। सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट में एक गोलमेज चर्चा की भी अध्यक्षता करेंगे। अनिल चौहान की यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा जुड़ाव को रेखांकित करती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता साझा करते रहे हैं। इसके साथ ही दोनों देश भारत-प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा भी देते हैं।



## बेटी की खैरियत जानने पिता पहुंचा कोर्ट

# केंद्र सरकार बोली- पिछले माह ही दुबई में दी जा चुकी है फांसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी के बांदा जिले की रहने वाली शाहजादी खान के पिता ने शनिवार (1 मार्च, 2025) को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने विदेश मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी ताकि उनकी बेटी की मौजूदा कानूनी स्थिति और कुशलक्षेम के बारे में सही जानकारी प्राप्त की जा सके। 33 साल की शाहजादी खान अबू धाबी, यूएई में फांसी की सजा का सामना कर रही थी। शाहजादी खान फिलहाल अबू धाबी की अल वथबा जेल में कैद थी। उसकी देखरेख में रहे एक बच्चे की मौत के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी।



### 5 मार्च को होगा अंतिम संस्कार

*विदेश मंत्रालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया है कि संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा पाने वाली भारतीय महिला शहजादी खान को पिछले महीने 15 फरवरी को फांसी दे दी गई थी और उसका अंतिम संस्कार 5 मार्च को किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के जवाब के बाद कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।*

## कनाडा ने सख्त किए वीजा नियम

# सीमा अधिकारी रद्द कर सकेंगे ईटीए और टीआरवी दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा ने वीजा से जुड़े नियमों को सख्त कर दिया है। नए नियम के मुताबिक सीमा अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (ईटीए) और अस्थायी निवासी वीजा (टीआरवी) जैसे दस्तावेजों को रद्द करने का अधिकार दे दिया है। इसमें वर्क परमिट और छात्र वीजा शामिल है। कनाडा अवैध आव्रजन से निपटने की खातिर यह कदम उठा रहा है। कनाडा की सरकार ने सीमा सुरक्षा और आव्रजन अधिकारियों को अधिक शक्तियां दी हैं। अधिकारी किसी भी व्यक्ति का परमिट रद्द कर सकते हैं। नए नियमों के मुताबिक कनाडाई के आव्रजन और सीमा अधिकारी किसी भी शख्स के ईटीए, टीआरवी, वर्क और स्टडी परमिट को रद्द कर सकते हैं।




### वर्क परमिट में आएगी दिक्कत

अगर अधिकारियों को लगता है कि निश्चित अवधि के बाद कोई शख्स कनाडा नहीं छोड़ेगा तो उनके पास परमिट को रद्द करने का अधिकार है। अगर किसी शख्स के दस्तावेज चोरी होने, खोने या नष्ट होने की भी स्थिति पर परमिट रद्द किया जा सकता है। वर्क और स्टडी वीजा से मना करने पर छात्रों के आव्रजन कागजात को रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा अगर किसी छात्र का स्टडी परमिट रद्द कर दिया जाता है तो उसे पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्क परमिट हासिल करने में दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। कनाडा में चार लाख से अधिक भारतीय छात्र उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं। कनाडा के नए आव्रजन नियमों का असर उन सभी लोगों पर पड़ेगा, जो वहां पढ़ाई करने, काम या रहने के उद्देश्य से जाते हैं।

## भारतीय सैनिकों ने जिस कमांडर को कूटा

# चीन ने उसे किया सम्मानित, बनाया पीपुल्स पॉलिटिकल पार्टी का सदस्य

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के हाथों जमकर मार खाने वाले पीएलए कमांडर को उसकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया है। यह संघर्ष जून 2020 में हुआ था। इस संघर्ष में चीन ने अपने सैनिकों के मौत का आंकड़ा छिपा लिया था।

इस दौरान हुई झड़प में भारतीय सैनिकों ने चीनी कमांडर क्यू फबाओ की जमकर पिटाई की थी। इस पिटाई में फबाओ का सिर फट गया था और पूरे शरीर में कई जगह फ्रैक्चर आए थे। बाद में चीनी सैनिकों ने अपने कमांडर की जैसे-तैसे जान बचाई थी। रिपोर्ट के अनुसार क्यू फबाओ को चीनी



पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सैन्य सेवा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया है। क्यू फबाओ उन 33 व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। फबाओ को 15 जून, 2020 को भारत के साथ गलवान घाटी सीमा संघर्ष में बहादुरी से लड़ते हुए सिर में चोट लगी थी। यह समारोह रविवार दोपहर बीजिंग में आयोजित किया गया था।

## जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल की

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोफ्यूल उत्पादक देश बना ‘भारत’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी लैंडस्केप में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए तीसरे सबसे बड़े बायोफ्यूल उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो कि स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दिखाता है। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में बताया कि भारत ने इस साल जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल कर लिया है और मूल 2030 शेड्यूल से पांच साल पहले ही 20 प्रतिशत हासिल करने की तैयारी है, जिससे ईंधन आयात और उत्सर्जन में कमी आएगी।

एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा देश

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भारत 7वें स्थान पर



### वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई

*पुरी ने कहा कि भारत अब एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है, जो एक स्थिर और सुरक्षित एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित करता है। देश में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता भी है, जो एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करती है। इसने भारत को रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का 7वां सबसे बड़ा निर्यातक बनने में भी सक्षम बनाया है, जिससे वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई है।*

### इथेनॉल100 ईंधन 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि ई 100 ईंधन अब देश भर में 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध है, जो भारत को स्वच्छ, हरित भविष्य के करीब ले जा रहा है। यह प्रगति, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी की यात्रा है। उन्होंने कहा कि शांत शहर डिगबोई से दुनिया के टॉप एनर्जी बाजारों तक, भारत की पेट्रोलियम यात्रा पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित लचीलेपन और प्रगति की कहानी है।

### इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

### खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की हुई संभागीय समीक्षा बैठक

# गेहूं उपार्जन में क्वालिटी पर विशेष फोकस करें : प्रमुख सचिव पीडीएस

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी की अध्यक्षता में खाद्य, उपार्जन व सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कमिश्नर श्री अभय वर्मा, आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा, जबलपुर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती शमी ने कहा कि 15 मार्च से गेहूं उपार्जन होना है, अतः इसकी समुचित तैयारियां सुनिश्चित की जायें। प्रदेश में गेहूं का उत्पादन तो ठीक है, लेकिन उपार्जन की क्वालिटी पर प्रश्न चिन्ह लगता है। अतः गेहूं का उपार्जन साफ-सुथरी हो, जिससे गुणवत्तापूर्ण उपार्जन में प्रदेश की प्रतिष्ठा बनी रहे। उन्होंने कहा कि उपार्जन के दौरान गेहूं की क्वालिटी पर विशेष फोकस करें। चूंकि गेहूं उपार्जन ऐजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम है, अतः नॉन भी इस बात पर विशेष ध्यान दे। साथ ही किसानों के भुगतान 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस दौरान कहा गया कि प्रदेश में गेहूं का समर्थन मूल्य बोनस सहित 2600 रूपये प्रति क्विंटल है। गेहूं पंजीयन 20 मार्च से 31 मार्च तक चलेगी, जिसमें किसान अपना गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत रूप से सर्कुलर जारी हो चुका है। जिसमें रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया को सहज और सुगम बनाया गया है।किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे कर सकते हैं। किसानों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में भी पंजीयन कराया जा सकेगा। इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन




निःशुल्क किया जायेगा। जबकि एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्ति द्वारा संचालित साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं।

सिकमी अथवा बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध है। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के लिये पंजीयन कराने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा। बैठक में कहा गया कि है कि गेहूं पंजीयन का प्रतिशत बढ़ायें और पंजीयन का सत्यापन करायें। सत्यापन फसल गिरदावरी के साथ मिलान होना चाहिए। यदि कहीं भिन्नता होती है तो राजस्व विभाग द्वारा इसका सत्यापन किया जायेगा। सभी कलेक्टर आवश्यकतानुरूप उपार्जन केन्द्र बढ़ा सकते हैं। इसमें किन केन्द्रों को गोदाम स्तरीय बनाना है यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है। अभी उपार्जन कराने वाली संस्थाओं के संबंध में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर सीसीटीव्ही कैमरा अनिवार्य रूप से लगाया जाये। बैठक में उपार्जन संस्थाओं का चयन व संचालन उपार्जन केन्द्र पर बिजली, पानी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ग्रेडिंग मशीन, पंखा, छन्ना, सूचना पटल आदि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो, साथ ही उपार्जित फसल की सुरक्षा के समुचित प्रबंध किये जायें। उपार्जन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था के साथ गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाये। जिसमें उपार्जन केन्द्र और गोदाम स्तरीय सर्वेयर एप से गुणवत्ता का परीक्षण किया जायेगा। उपार्जन व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये सर्वेयर की व्यवस्था व उसके दायित्व, एफएक्यू के मापदंड, बारदाने, कृषक कोड, भंडारण व परिवहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि किसानों के बैंक खाता आधार लिंक वाला ही हो ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसान जनमन, पेटीएम, एयरटेल,ऋण खाता व संयुक्त खाता न दें क्योंकि इसमें पेमेंट नहीं होगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी फील्ड विजिट करें ताकि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित व पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान कहा गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों का सत्यापन करायें। साथ ही उनके ई-केवायसी भी करायें। मार्च में इसके लिये विशेष अभियान सुनिश्चित किया जाये ताकि किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न रहे। साथ ही ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन भी करायें। इस दौरान आयुक्त फूड श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही पाईप लाइन के माध्यम से घरेलू गैस रिफलिंग की व्यवस्था के लिये प्रयास जारी है। जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घरेलू गैस रिफलिंग के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल होगी। कमिश्नर श्री वर्मा ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया से जुड़े सभी गतिविधियों के साथ पीडीएस, मिलिंग प्रोसेस, गैस सप्लाई आदि की नियमित समीक्षा की जायेगी।

#### समीक्षा के दौरान कलेक्टर्स भी कई बहुमूल्य सुझाव दिये

बैठक के द्वितीय सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से कहा गया कि हितग्राहियों की संख्या के साथ बच्चों के पोषण ट्रेकर पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसमें विभाग के डाटा के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के डाटा का मिलान भी हो। बच्चों को समय पर नास्ता व गर्म पका भोजन प्रदाय करना सुनिश्चित करें ताकि बच्चों को समुचित रूप से पोषण मिले। प्रमुख सचिव श्रीमती रशिम शमी ने कहा कि आंगनवाड़ियों के लिये खाद्यान्न का उठाव समय पर हो व बच्चों को समय पर नास्ता व भोजन दिया जाये। उन्होंने कम वजन के बच्चों के समुचित उपचार के साथ बाल संरक्षण गृह व बच्चों के वैधानिक तरीके से दत्तक ग्रहण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स बाल संरक्षण गृह का दौरा भी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

# कम राजस्व वसूली पर दस तहसीलदारों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस

### संतोषजनक जवाब न मिलने पर दो वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी

**जबलपुर।**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से कम राजस्व वसूली के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के दस तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। श्री सक्सेना ने नोटिस का तय समयावधि में और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही कर असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी तहसीलदारों को दी है।

कलेक्टर श्री सक्सेना द्वारा लक्ष्य से कम राजस्व वसूली के लिए जिन तहसीलदारों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है उनमें तहलीदार जबलपुर ग्रामीण श्रीमती नीलिमा राजलवाल, तहसीलदार आधारताल सुश्री जानकी उइके, प्रभारी तहसीलदार रांझी राजीव मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार गोरखपुर भरत कुमार सोनी, प्रभारी तहसीलदार सिहोरा शशांक दुबे, तहसीलदार मझौली वीर बहादुर सिंह, प्रभारी तहसीलदार शहपुरा रविन्द्र कुमार पटेल, तहसीलदार पाटन दिलीप हनवत, तहसीलदार पनागर विकास चंद्र जैन, और प्रभारी तहसीलदार कुंडम दीपक पटेल शामिल है।

कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि लगातार समीक्षा के बावजूद भी लक्ष्य के मुताबिक राजस्व वसूली नहीं किया जाना तहसीलदारों की उदासीनता का द्योतक है और यह वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन भी है। नोटिस में तहसीलदारों से कहा गया है कि इस कृत्य के लिए क्यों न उनके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाने हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारी को भेजा जाये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने इन तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस का जवाब 24 घंटे के भीतर लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धियों सहित समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

ज्ञात हो कि जबलपुर (ग्रामीण) तहसील में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 करोड़ रूपये की राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इसके विरूद्ध अभी तक मात्र 18.69 प्रतिशत राजस्व की वसूली ही हो सकी है। इसी प्रकार आधारताल तहसील में 11 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 11.14 प्रतिशत, तहसील गोरखपुर में 10 करोड़ के विरूद्ध 40.09 प्रतिशत, तहसील रांझी में 15 करोड़ के विरूद्ध मात्र 13.98 प्रतिशत, तहसील सिहोरा में 4 करोड़ 50 लाख के विरूद्ध मात्र 12.23 प्रतिशत, तहसील मंझौली में 2 करोड़ के विरूद्ध मात्र 15.36 प्रतिशत, तहसील शहपुरा में 5 करोड़ के विरूद्ध मात्र 13.61 प्रतिशत, तहसील पाटन में 3 करोड़ 50 लाख के विरूद्ध मात्र 10.96 प्रतिशत, तहसील पनागर में 4 करोड़ के विरूद्ध 34.09 प्रतिशत तथा तहसील कुंडम में 1 करोड़ रूपये के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 16.75 प्रतिशत ही राजस्व वसूली की जा सकी है।

## पत्नी को करो 10 हजार रु मासिक भरण पोषण राशि का भुगतान

**कुटुंब न्यायालय का आदेश**

**जबलपुर।**

कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजय सिंह कावछा की अदालत ने पति को आदेश दिया है कि पत्नी के हक में प्रतिमाह एक से 10 तारीख के मध्य 10 हजार रूपये भरण पोषण राशि का भुगतान करे।पत्नी चाहे तो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में ई बैंकिंग खाता खुलवा कर पति को सूचित कर सकता है, जिसमें भरण पोषण राशि जमा की जाएगी।आवेदक रामपुर छापर, जबलपुर निवासी स्वाति की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार चौधरी ने पक्ष रखा।उन्होंने दलील दी कि आवेदिका का पति हैदराबाद निवासी कार्तिक पैराला विवाह के बाद से परेशान करने लगा था। इस वजह से साथ रहना मुश्किल हो गया। दोनों का विवाह 20 जून, 2019 को हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। ससुराल वाले दहेज कम लाने को लेकर ताने देते थे। आवेदिका के वजन को लेकर भी मजाक बनाया जाता था। इस तरह शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से आवेदिका बुरी तरह तंग आ गई थी। वह अलग रहने लगी।

# महापौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को पारित किया

### शहर के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**जबलपुर।**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जबलपुर नगर निगम का अनुमानित बजट महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में एम.आई.सी. बैठक में पारित किया गया। यह बजट शहर के नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि करने, समग्र विकास सुनिश्चित करने और शहर को सुंदर महानगर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि यह बजट पिछले वर्ष से बेहतर और अधिक व्यवस्थित होगा, और शहर को शीघ्र ही एक विकसित महानगर का रूप मिलेगा।



महापौर ने इस बजट को शहर की उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा, "यह बजट हमारे देवतुल्य नागरिकों के लिए है, और इसके माध्यम से हम शहर के विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बजट में शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कई योजनाओं का समावेश किया गया है। बैठक में महापौर के अलावा मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अदालतों में काला कोर्ट पहनकर आने वाले फर्जी वकीलों पर बार काउंसिल करेगी कार्रवाई

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल अदालतों में फर्जी तरीके से काला कोर्ट पहनकर व विवादों में आने वाले फर्जी वकीलों के विरुद्ध अब सख्ती से कार्यवाही करेगा। फर्जी वकीलों के कारण वकीलों की गिरती साख पर एसबीसी वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने साथी अधिवक्ताओं से अपील की है कि वह भी फर्जी वकीलों को रोके और उनकी शिकायत करे, जिस पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। सैनी ने बताया कि लॉ स्टूडेंट्स की बात तक तो ठीक है कि वे पढ़ाई के साथ प्रैक्टिकल भी कर लेना चाहते हैं, समय बचेगा। पढ़ाई के साथ समय निकालकर किसी सीनियर के अंडर में वकालत सीखने से उनका माइंड सेट होगा। उन्होंने बताया कि पढ़ा लिखा व्यक्ति अभद्रता नहीं करता अधिवक्ता समाज को बेहद प्रतिष्ठित और साक्षर माना जाता है।

### सिटीज 2.0 परियोजना के तहत किए जाएंगे बड़े सुधार

# कचरा प्रबंधन में सुधार होगा, सफाई व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा: महापौर

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सिटीज 2.0 परियोजना के तहत शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। इस परियोजना के अंतर्गत भारत सरकार, मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन विभाग और जबलपुर स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर एक एम.ओ.यू. (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम जयपुर में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ।महापौर श्री अन्नू ने कहा, सिटीज 2.0 परियोजना से शहर के कचरा प्रबंधन में सुधार होगा और शहर की सफाई व्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। इस परियोजना के तहत प्लास्टिक, ई-कचरा और जैविक कचरे के लिए अलग-अलग पुनर्चक्रण सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

#### गैस और खाद का निर्माण

निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि इस परियोजना के तहत जैविक कचरे से वायो सी.एन.जी. गैस और खाद का उत्पादन किया जाएगा। इससे भविष्य में सी.एन.जी. वाहनों को




ग्रीन ईंधन मिल सकेगा, जिससे शहर का प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, कचरे के निपटान के लिए बेहतर संसाधन और तकनीकी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

#### कचरा प्रबंधन में सुधार

श्रीमती यादव ने कहा कि इस परियोजना से कचरा संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान प्रक्रिया में सुधार होगा। कचरा कलेक्शन वाहनों की संख्या में वृद्धि की जाएगी, जिससे हर घर से कचरा नियमित रूप से एकत्र किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सफाई व्यवस्था में समय की बचत और खर्चे में कमी आएगी।

#### एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर

एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करने के दौरान इंदौर और उज्जैन के आयुक्त, स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. और जबलपुर सिटी के ई-गवर्नेंस मैनेजर गजेन्द्र सिंह और वतसल खंडेलवाल भी उपस्थित थे। महापौर श्री अन्नू ने इस अवसर पर कहा कि "यह परियोजना जबलपुर को न केवल स्वच्छ बनाएगी बल्कि इसे एक स्मार्ट और प्रदूषण मुक्त शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।"

# 25 मार्च से शुरु हो रहे पुस्तक मेले को लेकर प्रकाशकों की ली बैठक

**जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में पुस्तक प्रकाशकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए सुलभ रूप से शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। जिले में लगभग 4 लाख से ज्यादा बच्चे ऐसे हैं जो शैक्षणिक सामग्री का क्रय करते हैं और एक विद्यार्थी अपने शैक्षणिक सामग्री के लिए लगभग 5 हजार रूपये खर्च करते हैं। इस हिसाब से यह पुस्तक मेला में करोड़ों का व्यापार हो सकता है। उन्होंने प्रकाशकों से कहा कि किताब व शैक्षणिक सामग्रियों में जो डिस्काउंट देते हैं वह सीधा अभिभावकों को मिले। इसमें कीमतों को लेकर पारदर्शिता रखें। प्रकाशक अपने-अपने शैक्षणिक सामग्री व किताबों का प्रचार-प्रसार व प्रदर्शन करें ताकि अगले शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी व अभिभावकों को शैक्षणिक सामग्री खरीदनें में सुगमता हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में जनरल बुक फेयर पर भी विचार किया जा



सकता है। कलेक्टर सक्सेना ने प्रकाशकों के एसोसिएशन से जिला शिक्षा अधिकारी का परिचय कराते हुए प्रकाशकों से पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनाने का सुझाव भी लिया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेला में पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला से बच्चों को सस्ती व किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था में सामग्रियों के विक्रय पर पारदर्शिता होगी और शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश भी लगेगा। उन्होंने पिछले वर्ष के पुस्तक मेला की सफलता का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को एक ही जगह पर विभिन्न प्रकाशक व विक्रेताओं द्वारा प्रतिस्पर्धी दर या किफायती दर में गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिल सकेगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सुमिशा सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## जिला रेडक्रॉस सोसायटी जबलपुर को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

**जबलपुर।** रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई जबलपुर को वर्ष 2023-24 में उसके द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा एवं रक्तदान सहित समग्र गतिविधियों के उत्कृष्ट संचालन के लिये राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को राजभवन भोपाल में आयोजित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की मध्यप्रदेश शाखा की वार्षिक साधारण सभा में जिला रेडक्रॉस सोसायटी जबलपुर को यह पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार स्वरूप जिला रेडक्रॉस सोसायटी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की जबलपुर जिला इकाई के अध्यक्ष एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना की ओर से यह पुरस्कार रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रबंधकारिणी सदस्य डॉ सुनील मिश्र एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त किया। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राज्य स्तर पर मिले इस पुरस्कार के लिये जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों एवं सभी सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी है।

### हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

# कानफोड़ू डीजे पर अंकुश लगाने क्या कार्रवाई की

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने राज्य शासन से पूछा है कि कानफोड़ू डीजे पर प्रतिबंध लगाने क्या कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में राज्य शासन व अन्य को इस संबंध में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 21 मार्च को नियत की है। जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने याचिका दायर कर बताया कि शादी-समारोह और धार्मिक आयोजनों में अत्यधिक तेज आवाज में बजने वाले डीजे न केवल मनुष्य स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी घातक हैं। इनकी वजह से कई बार विवाद की स्थितियां बन चुकी हैं। सामाजिक व सांप्रदायिक सौमनस्य बिगड़ चुका है। वर्तमान कानून डीजे की अराजकता पर अंकुश लगाने की दृष्टि से नाकाफी है। ऐसे प्रावधान नहीं हैं, जिनका उपयोग कर प्रतिबंध सुनिश्चित किया जा सके। इसका फायदा उठाकर तेज आवाज में डीजे बजाए जाते हैं।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आवासीय क्षेत्रों में 55 डेसीबल दिन के समय और रात्रि में 45 डेसीबल आवाज का मानक निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद 70 और उससे कहीं अधिक तेज आवाज में डीजे बजाकर लोगों के कान फोड़ने का रवैया अपनाया जाता है। अधिवक्ता गुप्ता ने बंद कोर्ट रूम में अनुमति लेकर 70 डेसीबल की आवाज सुनाई। साथ ही डीजे को पूरी तरह प्रतिबंधित करने और किसी के पास यह पाए जाने पर जब्त किए जाने की कार्रवाई की मांग की गई।

## आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का किया मूल्यांकन

# रेल मंडल ने मॉक ड्रिल कर परखीं व्यवस्थाएं




हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर मंडल में सोमवार को को विक्रमपुर-भिटौनी स्टेशन के बीच समपार फाटक क्रमांक 300 (C) पर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एके साहनी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे की तत्परता, समन्वय और बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल के अनुसार, सुबह 12:42 बजे भिटौनी स्टेशन मास्टर द्वारा जबलपुर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि विक्रमपुर-भिटौनी स्टेशन के बीच समपार फाटक 300 (C) पर एक रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई है, जिससे 8-10 मजदूर ट्रॉली में दब गए हैं।

सूचना मिलते ही आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। जबलपुर स्टेशन से हूटर बजाकर आपातकालीन स्थिति की तैयारी की गई, और दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन तथा राहत ट्रेन को तुरंत रवाना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एके साहनी, सीनियर डीएमई (फ्रेट) एसपी मीणा, एडीएमई श सौरव अवस्थी, एडीएसटीई भूपेंद्र पांडे, इंजीनियरिंग, सिग्नल और ट्रैफिक विभाग के सेफ्टी काउंसलर, सहायक मंडल अभियंता जबलपुर, जीआरपी, आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस सभी संबंधित विभागों के पर्यवेक्षकों के साथ घटनास्थल पर समय पर पहुंचे।

ड्रिल के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, श सुनील टेलर और अन्य शाखा अधिकारी भी कंट्रोल रूम में स्थिति पर नजर रखने के लिए पहुंचे। इस मॉक ड्रिल को 13:22 बजे सफलतापूर्वक समाप्त घोषित किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में संगठित और समन्वित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बनाते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि रेलवे किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।



# जलस्रोतों में समर्पित किया गया महाकुंभ का गंगाजल

**पाटन।** मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आदेशानुसार समाज में जल संरक्षण एवं पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व को जागरूक करने हेतु नगरीय स्तर पर एक विशेष पहल की जा रही है इस पहल के अंतर्गत प्रयागराज में 144 वर्ष उपरांत हो रहे महाकुंभ 2025 के अवसर पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाकर नगर परिषद पाटन में सभी जल स्रोत, जलाशयों जैसे की तलब, कुएं, झील, पानी की टंकियों या अन्य स्रोतों में समर्पित करने का कार्य किया गया। यह कार्य 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में किया गया। इस पहल से निकाय के बुजुर्ग या किसी परिस्थितिवश महाकुंभ नहीं जा सके उन सबके लिए एक प्रकार से तीर्थ स्नान का लाभ पहुंचाया गया। इस पहल से लोगों में जल संवर्धन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद पाटन अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह तथा समस्त वार्ड पार्षद सहित नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# शहर के नालों को किया जा रहा संकरा

**जबलपुर।** शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर के संयोजन में संभागायुक्त, कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त व महापौर को ज्ञापन सौंपकर सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड सहित शहर के नालों को संकरा किए जाने से जलप्लावन की स्थिति निर्मित होने की बात की है। बताया गया सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड स्थित अंडर ब्रिज के पास अमोदा रेस्टॉरेंट के पीछे नाले पर छोटे-छोटे पाइल डालकर नाले को संकरा किया जा रहा है, शहर के बड़े नालों को छोटा किये जाने से बरसात में जल प्लावन की स्थिति निर्मित होगी, ऐसी अनेक जनहित याचिकाएं मान. उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं, जिन पर नगर निगम को ध्यान देना चाहिए। साथ ही एक अन्य मामले में पूर्व विधानसभा आचार्य विनोबा भावे वार्ड शारदा भवन के बिछैल तिराहा के पास साफ-सफाई व सरकारी नाली को तुरंत बनाने की मांग पर संभागायुक्त अभ्य वमा्र, कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर, अधिवक्ता सौरभ जैन, दीपक सिंह राजपूत, नवीन दुबे, आशीष भटकर, अभिनव श्रीवास्तव, नरेश मध्यानी, महेश बेन, विवेक मिश्रा, अखिलेश श्रीवास्तव, अनुज सिंह ठाकुर, राजेश सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम के आदेश का नहीं हो रहा पालन

# नगर पालिका क्षेत्र में खुलेआम धड़ल्ले से बिक रही मांस-मछली

**सिहोरा।** मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी उसका पालन नहीं किया जा रहा है। सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र में खुले में मांस-मछली की बिक्री हो रही है और नगर की पालक संस्था एंव प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इससे एक तरह न केवल स्थानीय लोगों को बदबू एवं गंदगी का सामना करना पड़ रहा है वहीँ दूसरी ओर लोगों को दूषित मांसाहार परोसा जा रहा है। सिहोरा के खितौला रेलवे फाटक के पास पुराने थाने के बाजू से कुछ लोगों द्वारा अस्थाई कब्ज़ा कर धड़ल्ले से मछली एवं मुर्गे की दुकाने संचालित की जा रही है।जिसमे शाम होते ही शराब पीने वालों का खुलेआम जमावड़ा लगने लगता है इस कारण स्थानीय रहवासियों को अनेक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा असामाजिक तत्वों के कारण रात्री में महिलाओं एवं बच्चों में दहशत का माहौल निर्मित हो रहा है लेकिन स्थानीय निकाय एवं प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी इन्हें हटाया नहीं गया है जबकि आसपास के क्षेत्रों से बर्ड फ्लू जैसी गंभीर बीमारियों की दस्तक का भी खतरा है जबकि जिले में इसका एलर्ट भी जारी किया जा चुका है।लगता है कि स्थानीय प्रशासन किसी बड़ी घटना के इन्तजार में है। खुले में मांस मछली के विक्रय के कारण स्थानीय लोगों में दिन प्रतिदिन आक्रोश बढता जा रहा है क्षेत्रीय जनों ने उक्त दुकानों को शीघ्र हटाने की मांग की है।

### शीघ्र की जाएगी कार्यवाही

खितौला क्षेत्र के निवासियों के माध्यम से यह मामला संज्ञान में आया है इस पर शीघ्र ही उचित कार्यवाही की जायेगी।

**शशांक दुबे**
प्रभारी तहसीलदार सिहोरा

## नेशनल लोक अदालत 8 को

**पाटन।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके परिपेक्ष्य में सोमवार को ओमप्रकाश रजक, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति पाटन के विश्राम कक्ष में नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की सफलता एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु संकल्प लिया गया। लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु भी निर्देश प्रसारित किये गये। उक्त नेशनल लोक अदालत में आपराधिक दीवानी, पारिवारिक, क्लेम प्रकरण, न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य अन्य समस्त प्रकरण एवं विद्युत प्रकरण, पूर्ववाद प्रकरण (बैंक रिकवरी, विद्युत, नगरपालिका जलकर, सम्पत्ति कर, बीएसएनएल) एवं अन्य समस्त प्रकार के प्रकरणों का निराकरण समझौते के आधार पर किये जाने हेतु सर्वसंबंधितों को निर्देश प्रसारित किये गये। उक्त बैठक में श्री दशरथ सिंह भिड़े, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती उजाला शुक्ला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड एवं रघुवीर सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, राजेन्द्र चौबे उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ पाटन एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस ने जांच के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# 30 बिस्तरों वाले अस्पताल निर्माण में हो रही गुणवत्ता की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज बरगी नगर

। युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण चरगवां के कार्यकर्ताओं ने चरगवां में बन रहे 30 बिस्तर के आरोग्यम अस्पताल में हो रही अनियमितताओं और गुणवत्ता की जांच को लेकर माननीय तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंप कर आरोग्यं अस्पताल निर्माण में की जा रही व्यापक पैमाने पर अनियमिताओं की सूक्ष्म जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने हेतु निवेदन किया है।

इस संबंध में युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष इंजीनियर चमन कौड़ी लाल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता को देखने वाला कोई धनी धोरी नहीं है अस्पताल निर्माण की सामग्री घटिया स्तर की लगाई जा रही है निर्माण के समय साइट पर इंजीनियर भी मौजूद नहीं रहते हैं जिसका फायदा उठाकर ठेकेदारी मनमानी तरीके से कार्य को अंजाम दे रहा है। अगर वक्त रहते घटिया कार्य को जल्द ही नहीं रोका गया तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उक्त कार्य को रोकेंगे तथा उग्र आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन प्राप्त होने के उपरांत तहसीलदार ने युवा कांग्रेसियों को आश्वासन दिया कि इसकी जाँच करवायी जाएगी और उचित कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर चमन राय युवा कांग्रेस अध्यक्ष जबलपुर ग्रामीण, मनीष राय प्रवक्ता बरगी, रामकुमार सैयाम ज़िला सदस्य रूप सिंह पटेल, दुर्गेश चडार हरिप्रसाद देवेंद्र प्रजापति गिरधारी ठाकुर, नजीर खान दीपक पटेल हरि प्रजापति गोलू पटेल, गिरधारी ठाकुर, अजीत पटेल चतुर जाटव, रामेश्वर ठाकुर रोहित पटेल, सोनू प्रजापति एवं समस्त युवा कांग्रेस के जाँबाज़ सिपाही उपास्थि हुए।

## रंगदारी वसूलने ठेले वाले को मारा

**जबलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रंगदारी वसूलने पीजा बर्गर ठेला संचालक के साथ बदमाश ने मारपीट की वहीं लार्डगंज में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक ने अपने छोटे भाई और भतीजी पर लोहे की रॉड की कटोनी से हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षितपुरा निवासी 34 वर्षीय पीजा बर्गर ठेला संचालक रोहित मौर्य के पास गत रात लगभग 8.30 बजे मन्नूलाल की गली पास निवासी शिवम दुबे आया और बोला कि अपना ठेला थोड़ा आगे बढ़ा कर लगा नहीं तो मुझे प्रतिदिन शराब पीने के लिये पैसे देना पड़ेगा और पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो गालीगलौज व मारपीट कर उसके गाल व पीठ पर चोटें पहुंचा दी और ठेला को धक्का देकर उसका ठेला क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं दोबारा ठेला लगाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2), 115(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर भाई-भतीजी पर किया हमला



इसी प्रकार लार्डगंज रानीताल जगदीश अखाड़ा के पास निवासी 18 वर्षीय रिया चौधरी के पिता विनोद कुमार चौधरी से बडे पिता मनोज कुमार चौधरी ने गत रात लगभग 8 बजे शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग की। पिता विनोद कुमार चौधरी ने पैसे देने से मना किया तो बड़े पिता मनोज कुमार चौधरी गाली गलोज करने लगे, आंगन में बैठी रिया चौधरी ने गालियां देने से मना किया तो उसके साथ भी गाली गलौज करते हुये लोहे की रॉड की कटोनी से रिया के सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी बड़े पिता मनोज कुमार चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# 5 हजार का ईनामी फरार बदमाश पिस्टल सहित पकड़ा गया



**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच, लार्डगंज व गोरखपुर की संयुक्त टीम ने तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 पिस्टल, 3 कारतूस तथा 1 चाकू जप्त किया है। लार्डगंज थाना क्षेत्र में पन्नी मोहल्ला अधारताल निवासी 5 हजार का ईनामी फरार आरोपी अंकित सोनी को गिरफ्तार कर दो पिस्टल जब्त किए है। आरोपी को जीरो डिग्री के समीप रेलवे ट्रेक के पास पकड़ा गया। इसी प्रकार क्राईम ब्रांच और गोरखपुर पुलिस की टीम ने गुप्तेश्वर कैलाशपुरी निवासी नीरज तिवारी को महर्षि ग्राउण्ड के पास एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह लार्डगंज पुलिस ने रामपुर राम नगर थाना गोरखपुर निवासी 19 वर्षीय निहाल केवट को एक बटनदार चाकू के साथ पकड़ा गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# डीजल चोरी करते सुपरवाईजर पकड़ाया

**जबलपुर।** बरेला थाना की गौर चौकी अतंर्गत रिंग रोड पर कंपनी के मैनेजर ने डीजल चोरी करते हुए कंपनी के सुपरवाईजर को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के पास से 40 लीटर डीजल जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। बरेला थाना की गौर चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलहरी शुभम रेसीडेंसी गोराबाजार निवासी 42 वर्षीय आनंद अग्रवाल जादू कंस्ट्रेक्शन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। कम्पनी द्वारा रिंग रोड़ पर कार्य किया जा रहा है। कम्पनी का डीजल सुपरवाईजर प्रदुम्न गुप्ता का कार्य मानेगांव से बरेला तक गाड़ियों में साईड पर डीजल पहुंचाने का था। गत सुबह लगभग 11.30 बजे कंपनी के मैनेजर आनंद अग्रवाल को फोन पर सूचना मिली की कम्पनी का डीजल सुपरवाईजर प्रदुम्न गुप्ता 40 लीटर डीजल की केन मे डीजल टेंकर से निकाल कर कम्पनी के डीजल की चोरी कर रहा है। सूचना पाकर मैनेजर आनंद अपने सीनियर अनिल जांगड़ा के साथ मौके पर पहुंचे जहां प्रदुम्न गुप्ता को रंगे हाथ डीजल चोरी करते हुये पकड़ लिया, जिसके पास से 40 लीटर के केन में चोरी का डीजल रखे मिला। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया जहां पर उसके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 306 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बिना अनुमति के बज रहे डीजे जब्त

**जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस ने गत रात तिलहरी हमराह लार्ड ऑफ ड्रिंक बार होटल में बिना अनुमित और तेज आवाज में डीजे बजा रहे होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 डीजे साउण्ड बाक्स तथा एक डीजे प्लेयर जब्त किया हैं। गोराबाजार थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि गत रात लार्ड ऑफ ड्रिंक बार में बिना अनुमति और तेज आवाज में डीजे साउण्ड बजा रहे झामनदास चौक घमापुर निवासी 29 वर्षीय होटल मैनेजर अश्वनी गोलानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो डीजे साउंड बॉक्स तथा एक डीजे प्लेयर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।




**श्री चन्द्रेश बारी** - स्व. रामजीवन बारी के पुत्र एवं नरेश बारी अखिल भारतीय बारी संघ महामंत्री के छोटे भाई एवं शैलेन्द्र बारी शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष, एड. विपिन बारी के चाचा, अमन बारी के पिता श्री चन्द्रेश बारी (52 वर्ष) का निधन हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा आज पूर्वान्ह 11 बजे निवास स्थान सचिन टेंट एजेंसी के पीछे छुई मोहल्ला बेलबाग से करियापाथर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**डॉ. शिव शंकर पटेल**- गढ़ाफाटक शंकर घी भंडार निवासी योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम बहादुर चौरसिया**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम बहादुर चौरसिया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भरत राव जाधव**- एलआईजी 64, मदर टेरेसा नगर निवासी श्री भरत राव जाधव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागलाल सोनकर**- भरतीपुर निवासी श्री भागलाल सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रंजीत महात्मा**- चंडालभाटा निवासी श्री रंजीत महात्मा (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपा बेन**- फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री राहुल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा बेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम खिलावन दुबे**- रामपुर रेलवे क्वाटर निवासी श्री राम खिलावन दुबे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सदन सिंह समुंद्रेर**- लालमाटी चांदमारी हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री सदन सिंह समुंद्रेर (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील दयाल**- कवर्धा हाउस दुसरे पुल के पास निवासी श्री सुनील दयाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निर्मल चंद चौधरी**- ब्यौहारबाग निवासी श्री निर्मल चंद चौधरी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी कोरी**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राजेश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी कोरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा रजक**- सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रजनीश रजक की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा रजक (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चिरोंजी लाल झारिया**- भटौली दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्री चिरोंजी लाल झारिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लटोरी लाल प्रजापति**- गोपाल होटल सिंधी धर्मशाला के पास निवासी श्री लटोरी लाल प्रजापति (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती महांती बाई चौधरी**- बापू नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कंधी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती महांती बाई चौधरी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छैल बिहारी तिवारी**- शास्त्री नगर बाजनामठ मेडिकल रोड निवासी श्री छैल बिहारी तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल प्रजापति**- सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री श्याम लाल प्रजापति (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्याम लता दुबे**- रक्षा नगर बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री रमेश कुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती श्याम लता दुबे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.34 प्रति डॉलर



**मुंबई।** विदेशों में डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 87.34 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के कारण निवेशक बहुत अधिक उत्साहित नहीं दिखे।

### हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री फरवरी में 17 फीसदी घटी



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 3,88,068 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले साल फरवरी में 4,68,410 इकाइयां बेची थीं। दोपहिया वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने डीलरों को घरेलू आपूर्ति 3,57,296 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,45,257 इकाई था।

### लेलैंड की बिक्री फरवरी में दो प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड ने बताया कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 17,903 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल फरवरी में 17,632 इकाइयां बेची थीं। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा कि उसकी घरेलू बिक्री सालाना चार प्रतिशत घटकर 15,879 इकाई रह गई, जो फरवरी 2024 में 16,619 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 10,110 इकाई रही।

### सीमेंट की सालाना मांग 64 करोड़ टन के पार जाएगी



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2029-30 तक सीमेंट की सालाना मांग 64 करोड़ टन को पार कर जाने की उम्मीद है। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने एक निवेशक प्रस्तुति में यह अनुमान लगाया है। उद्योग के अनुमानों और शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कंपनी ने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2029-30 के बीच सीमेंट की मांग में सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### दो कंपनियों को मिला नवरत्न का दर्जा

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) का दर्जा देने को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय का एक उपक्रम है।

### हिंदुस्तान पावर सौर, बैटरी भंडारण में करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पावर ने सौर और बैटरी भंडारण परियोजनाएं स्थापित करने के उद्देश्य से 620 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए असम सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इस निवेश से बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ-साथ 100 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का विकास होगा।

# कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पांच साल में 22 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

भारत में कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों में 22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है, जिनमें से अधिकांश कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के ऋण का बड़ा हिस्सा उपभोग की मांग को पूरा करने के लिए था और तुलनात्मक रूप से व्यवसायों के लिए कम कर्ज लिया गया। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने 'भारत में वित्तीय वृद्धि की कहानी में महिलाओं की भूमिका' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की।

## कर्ज लेने वाली अधिकांश महिलाएं कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों से

### महिलाएं अब कारोबारी कर्ज ले रही

एक बयान के मुताबिक, 'भारत में ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या वर्ष 2019 और 2024 के बीच 22 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है। जहां उपभोग ऋण महिला उधारकर्ताओं द्वारा लिया जाने वाला पसंदीदा उत्पाद बना हुआ है वहीं अब अधिक महिलाएं कारोबारी कर्ज भी ले रही हैं।'



### व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए सिर्फ 3 फीसदी ऋण

रिपोर्ट कहती है कि 2024 में व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए महिलाओं ने सिर्फ तीन प्रतिशत कर्ज लिया जबकि व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता टिकाऊ ऋण, गृह स्वामित्व जैसे व्यक्तिगत वित्त उत्पादों के लिए 42 प्रतिशत और सोने के बदले 38 प्रतिशत कर्ज लिए गए।

### महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप उत्पादों की हो डिजाइन

सुब्रमण्यम ने कहा, "समान वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप समावेशी उत्पादों को डिजाइन करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका, साथ ही संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने वाली नीतिगत पहल, इस गति को बढ़ाने में सहायक होगी।"

### युवा पीढ़ी कर्ज की निगरानी में अग्रणी

एमएससी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने कहा, "यह महानगरों से परे एक गहरी वित्तीय छाप को रेखांकित करता है। इसके साथ ही महिलाओं की युवा पीढ़ी अपने कर्ज की निगरानी में भी अग्रणी है। इस अवसर पर सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकार मानती है कि वित्त तक पहुंच महिला उद्यमिता के लिए एक बुनियादी सक्षमता है।

## कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

# आरबीआई दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर ईडी ने पेटीएम को दिया 611 करोड़ का नोटिस

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के 'उल्लंघन' के लिए पेटीएम की मूल कंपनी, उसके प्रबंध निदेशक और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**कंपनी से जुड़ी इकाइयों को कारण बताओ नोटिस दिया गया**

पेटीएम की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, इसके चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है।

## कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

### 611 करोड़ रुपए का नोटिस

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले के समाधान के लिए काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




### मिली एफडीआई की जानकारी नहिं दी

ईडी ने कहा कि वन97 कम्युनिकेशन की भारत में अनुषंगी लिटिल इंडिया प्राइवेट लि. को विदेशों से एफडीआई मिला। लेकिन इसके लिए आरबीआई के कीमत निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। अन्य अनुषंगी कंपनी... नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी।

**कंपनी ने एफडीआई प्राप्त किया**

जांच में पाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन लि. ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और अनुषंगी की वैश्विक अनुषंगी के गठन के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक सूचना नहीं दी। इसमें आरोप लगाया गया कि वन97 कम्युनिकेशन ने आरबीआई के निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का 'पालन किये बिना' विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था।

### दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी नहीं

पेटीएम ने पिछले शनिवार (एक मार्च) को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है। बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं। इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

### कंपनी ने लेनदेन किया सूचीबद्ध

कंपनी के अनुसार, कथित उल्लंघन में वन97 कम्युनिकेशन के 245 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन, लिटिल इंटरनेट (एलआईपीएल) के लगभग 345 करोड़ रुपये और नियरबाय इंडिया (एनआईपीएल) के लगभग 21 करोड़ रुपये के लेनदेन को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया, "कथित उल्लंघन वन97 कम्युनिकेशन , एलआईपीएल और एनआईपीएल से संबंधित कुछ निवेश लेनदेन से जुड़े हैं।"

# निजी डेटा का कुछ अंश डेटा बेस तक पहुंच चुके



एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

नागरिकों के एक बड़े हिस्से का मानना है कि उनके निजी डेटा का कुछ अंश पहले से ही सार्वजनिक डोमेन या डेटाबेस में पहुंच चुका है और उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ चुकी है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है। ऑनलाइन मंच लोकलसर्किल्स ने सोमवार को पेश एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा कि 87 प्रतिशत नागरिकों को लगता है कि उनका व्यक्तिगत डेटा सार्वजनिक रूप से लीक हो गया था। सर्वेक्षण के दौरान 25 अगस्त, 2024 से 28 फरवरी, 2025 के बीच देश के 375 जिलों में रहने वाले नागरिकों से 36,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं ली गईं। हालांकि, प्रत्येक प्रश्न पर प्रतिक्रियाओं की संख्या अलग-अलग थी। अधिकांश उत्तरदाताओं ने सार्वजनिक डोमेन में अपने डेटा से समझौता करने के लिए दूरसंचार कंपनियों, ई-कॉमर्स मंचों, बैंकों और वित्तीय सेवा प्रदाताओं, सरकारी विभागों आदि को दोषी ठहराया है।

**■ ग्राहकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई**

### आधार व पैनकार्ड के साथ हुई छेड़छाड़

व्यक्तिगत डेटा लीक होने की बात कहने वाले भारतीयों में से आधे से अधिक लोगों का मानना है कि या तो उनके आधार या पैन कार्ड विवरण या दोनों के साथ छेड़छाड़ की गई है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, जिन नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा लीक हुआ है और सार्वजनिक डोमेन में है, वे इसके लिए सरकार, दूरसंचार कंपनियों, बैंकों और ई-कॉमर्स मंचों के विभिन्न अंगों को जिम्मेदार मानते हैं।

### 65 फीसदी कंपनियों को दोषी मान रहे

इसमें से 65 प्रतिशत लोग दूरसंचार सेवा देने वाली कंपनियों को इस लीक के लिए जिम्मेदार मानते हैं जबकि ई-कॉमर्स कंपनियों के मामले में अनुपात 63 प्रतिशत का है। करीब 56 प्रतिशत प्रतिभागियों ने 'बैंक और वित्तीय सेवा प्रदाताओं' को इस डेटा लीक के लिए दोषी ठहराया।


## सेंसेक्स 112 अंक टूटा, निफ्टी नौवें दिन नुकसान में

# बिकवाली दबाव से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ▸▸। मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 112.16 अंक गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 73,649.72 अंक तक गया और नीचे में 72,784.54 अंक तक आया। निफ्टी 5.40 अंक के मामूली नुकसान के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 120 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 2.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,171.10 रुपये पर बंद हुआ।



### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

### शेयर मूल्यांकन में काफी गिरावट आ चुकी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बाजार कारोबार के दौरान निचले स्तर से धीरे-धीरे ऊपर आया। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के आंकड़े हैं। खपत व्यय बढ़ने और कृषि क्षेत्र में वृद्धि से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। शेयर मूल्यांकन अब ऐसे बिंदु पर पहुंच रही है, जहां बाजार में गिरावट काफी आ चुकी है।

## आने वाले वर्षों में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि आने वाले वर्षों में परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी। उन्होंने आईजीपीसी - आईआईएमए वार्षिक स्वर्ण और स्वर्ण बाजार सम्मेलन 2025 में कहा कि सोना न केवल मूल्य के रूप में, सांस्कृतिक और धार्मिक उद्देश्यों के रूप में, बल्कि एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो विविधीकरण तंत्र के रूप में भी प्रासंगिक बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक कि दुनिया मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक गैर-प्रणाली से अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो जाती, तब तक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने का महत्व बना रहेगा।

# हाइड्रोजन ईंधन वाहन परीक्षण के लिए पायलट परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत परीक्षण के लिए हाइड्रोजन ईंधन आधारित वाहनों का उपयोग करने को लेकर पांच पायलट परियोजनाएं शुरू की हैं। देशभर में पायलट परियोजनाओं के तहत परीक्षण के लिए बसों और ट्रकों सहित 37 हाइड्रोजन-ईंधन वाले वाहनों का उपयोग किया जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि ये वाहन देशभर में 10 अलग-अलग मार्गों पर चलेंगे।



बयान के अनुसार, उपरोक्त परियोजनाएं टाटा मोटर्स लि., रिलायंस इंडस्ट्रीज लि., एनटीपीसी, एएनईआरटी, अशोक लेलैंड, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल जैसी प्रमुख कंपनियों को दी गई हैं। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के हिस्से के रूप में, सरकार ने बसों और ट्रकों में हाइड्रोजन का उपयोग करने के लिए पांच पायलट परियोजनाएं शुरू की हैं। इससे पहले, मंत्रालय ने इस मिशन के तहत परिवहन क्षेत्र में पायलट परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे।

### वित्तीय सहायता 208 करोड़ रुपए होगी

विस्तृत जांच के बाद, कुल 37 वाहनों (बसों और ट्रकों) और नौ हाइड्रोजन ईंधन स्टेशन से जुड़ी पांच पायलट परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। उपलब्ध कराई गई चयनित परियोजनाओं के लिए केंद्र से कुल वित्तीय सहायता लगभग 208 करोड़ रुपये होगी।

# सोना 200 रुपए चढ़ा चांदी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** आभूषण एवं फुटकर कारोबारियों की ताजा लिवाली तथा रुपये के कमजोर होने के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में (शुक्रवार को) 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## मूल्य के उतार-चढ़ाव पर विचार किया जाए

# आटा मिलों ने गेहूं के आयात पर शुल्क घटाने की मांग की

एजेंसी ▸▸। पणजी (गोवा)



आटा मिलों के शीर्ष संगठन आरएफएमएफआई ने सोमवार को मांग की कि सरकार को घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और मूल्य उतार-चढ़ाव पर अंकुश लगाने के लिए गेहूं पर आयात शुल्क को 0-10 प्रतिशत तक कम करने पर विचार करना चाहिए। फिलहाल गेहूं पर मूल सीमा शुल्क 40 प्रतिशत है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रोलर्स फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएमएफआई) के अध्यक्ष नवनीत चितलांगिया ने कहा कि देश में गेहूं की फसल की स्थिति अच्छी है और इसका बंपर उत्पादन होगा।

चितलांगिया ने कहा कि फेडरेशन के अनुमान के अनुसार, रबी सत्र में उगाए जाने वाले गेहूं का उत्पादन अधिक रकबे और गर्मी सहन करने वाली उच्च उपज वाली किस्मों के उपयोग से पिछले वर्ष के 10.6 करोड़ टन से बढ़कर फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11 करोड़ टन होने की संभावना है।

सरकारी अनुमान के अनुसार, भारत ने 2023-24 में रिकॉर्ड 11.32 करोड़ टन गेहूं का उत्पादन किया। फेडरेशन ने कहा कि पिछले 4-5 वर्षों से उसके अनुमान सरकारी अनुमान से कम रहे हैं।

### जून में होगा खरीद सत्र समाप्त

उत्पादन में वृद्धि के अनुमानों के बावजूद, चितलांगिया ने कहा कि सरकार को जून में खरीद सत्र समाप्त होने के बाद गेहूं पर आयात शुल्क कम करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, /"हम सरकार से इस वर्ष के खरीद सत्र के समाप्त होने के बाद गेहूं की उपलब्धता की स्थिति का आकलन करने का आग्रह करते हैं।

## कंपनी अपने घाटे को कम करने के लिए उठाएगी कदम

# ओला इलेक्ट्रिक से बाहर निकाले जाएंगे 1,000 से अधिक लोग

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपने घाटे को कम करने के लिए कारोबार पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत लगभग 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, कंपनी ने छंटनी के शिकार होने वाले कर्मचारियों की संख्या को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन यह संकेत जरूर दिया कि ऐसा परिचालन गतिविधियों के पुनर्गठन और स्वचालन के कारण हो रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले साल भी करीब 500 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था।

## ओला ने पिछले साल 500 कर्मचारियों को बाहर किया था

### गैर-जरूरी रोजगार खत्म किया जा रहा

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एक प्रवक्ता ने कहा, "हमने अपने फ्रंट-एंड परिचालन को पुनर्गठित और स्वचालित किया है, जिससे बेहतर मार्जिन, कम लागत और बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त हुआ है। इसी के साथ बेहतर उत्पादकता के लिए गैर-जरूरी रोजगार भूमिकाओं को खत्म किया गया है।"



### पांच माह में छंटनी का दूसरा दौर

यह कंपनी में पांच महीने के भीतर कर्मचारियों की छंटनी का दूसरा दौर है। यह छंटनी उस समय हो रही है जब कंपनी अपने स्टॉक प्रबंधन में सुधार और ग्राहकों को तेजी से आपूर्ति करने के अलावा एबिटा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास से पूर्व की आय) मार्जिन को लगभग 10 प्रतिशत अंक तक बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठा रही है।

### कंपनी को तीसरे तिमाही में 376 करोड़ का घाटा हुआ

रिपोर्टों के मुताबिक, नौकरियों में कटौती के नवीनतम दौर से खरीद, पूर्ति, ग्राहक संबंध और चार्जिंग ढांचा जैसे कार्यों पर असर पड़ सकता है। ओला इलेक्ट्रिक को पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 376 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इस तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 1,045 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,296 करोड़ रुपये था।

## चिंतन

# लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा एफटीए

तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक समीकरण के दौर में भारत और यूरोप के बीच बढ़ रही करीबी दोनों के हित में है। अभी भारत यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ा रहा है। हाल में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दो दिन की भारत यात्रा पर आईं। उनकी यात्रा पीएम नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा, अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स के ऐलान के बाद और अमेरिका व यूक्रेन में बढ़ रही दूरी के बीच हुई है। यूरोप इस वक्त अमेरिका के बदल रहे रवैये को करीब से देख रहा है। यूं तो ईयू और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत बहुत पहले से हो रही है, लेकिन बदलते अमेरिकी जेस्चर के बाद इसमें प्रगति आई है। यूरोपीय संघ भारत को अधिक महत्व दे रहा है। इस वक्त दुनिया में कोई भी देश भारत के बाजार की अनदेखी नहीं कर सकता है। भारत-यूरोपीय संघ ने आपसी रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की है। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा कि जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है, साथ मिलकर हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोप के साथ चीन के अच्छे संबंध हैं, पर चीन भरोसेमंद नहीं है। चीन विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है, यूरोप इससे सतर्क है। यूरोप भारत के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है। रूस व यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप के लिए भारत प्रमुख ऊर्जा व अनाज आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ फैक्टर भारतीय प्रतिभा व श्रम हैं। चीन बहुत ही सोच-विचार कर विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है और वैश्विक अनिश्चितता का यह भी एक कारण है। यूरोप, ब्रिटेन समेत अन्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। आज दुनिया में अनिश्चितता बढ़ गयी है। अमेरिका में रेसिप्रोकल शुल्क दरों की घोषणा के साथ चीन के कदम से भी अनिश्चितता बढ़ रही है। निजी निवेश वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल से जुड़ा है। लोग यह भूल गये हैं कि चीन में क्षमता बढ़ती जा रही है। बाजार अर्थव्यवस्था में जब क्षमता उपयोग कम होता है तो निवेश घटता है। यह फ्रांस, ब्रिटेन में देखा जा सकता है, लेकिन चीन में निवेश जारी है। इसका क्या मतलब है? वहां मांग उतनी ही है लेकिन निवेश बढ़ रहा है और क्षमता भी बढ़ रही है। चीन यह सयास कर रहा है। इसीलिए भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने समेत अन्य उपाय कर रहा है, एफटीए की दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भी ट्रेड समझौते पर सहमति बनी है। हाल में अमेरिका ने जिस प्रकार से टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है, उसके बाद से भारत समेत सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपने लिए नई राह खोजने की ओर अग्रसर भी होना पड़ा है। आज वैश्विक अर्थवयवस्था गुंथी हुई है, इसमें किसी का एकाधिकार दूसरे को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत खुद को विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत कर रहा है, लेकिन इसके लिए नई पूंजी की भी आवश्यकता है। हाल के दशक में यूरोप सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, वह भारत जैसी गतिशील अर्थव्यवस्था के साथ जुड़कर अपनी आर्थिकी को रफ्तार दे सकता है। भारत के लिए भी तकनीक व निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी। इसलिए एफटीए इंडो-यूरोप दोनों के लिए फायदेमंद होगा।



दो टूक
राज कुमार सिंह

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा

**ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है, जबकि इसके खिलाफ एक्शन की जरूरत है।**

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के वायदे वफा होते नजर नहीं आते। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करनेवाली गैर सरकारी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की नयी रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये नारे कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार बेलगाम है। कारोबारियों के साथ-साथ राजनेताओं और नौकरशाहों के यहां से भी छापों में भारी नकदी की बरामदगी का अर्थ यही है कि खाने-खिलाने का सिलसिला बंद तो नहीं हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है। इसलिए यह जानना भी जरूरी है कि वर्तमान मोदी सरकार और पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से कैसा रहा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा हर साल जारी की जानेवाली भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक आधारित 180 देशों की सूची बताती है कि पिछले दस सालों में भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पिछले दस सालों में इस सूची में भारत ने सबसे बेहतर प्रदर्शन साल 2015 में किया था, जब उसे रैंकिंग में 76 वां स्थान हासिल हुआ था। वैसे साल 2006 और 2007 में भारत क्रमशः 70 वें और 72 वें स्थान पर भी रहा यानि दोनों ही सरकारों के आरंभकाल में भ्रष्टाचार कम होता नजर आया, पर फिर बेलगाम हो गया। हमारा पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश चीन 43 अंकों के साथ 76 वें स्थान पर बना हुआ है। हमारे नीति-नियंता इस बात पर संतोष जता सकते हैं कि पड़ोसी देशों में पाकिस्तान की रैंकिंग हमसे भी खराब है। साल 2023 में पाकिस्तान 29 अंकों के साथ 113 वें स्थान पर था, लेकिन बीते साल वह 27 अंकों के साथ 135 वें स्थान पर पहुंच गया। इस सूची में श्रीलंका और बांग्लादेश की रैंकिंग बता कर भी हमारे सत्ताधीश अपनी पीठ थपथपा सकते हैं। बीते साल इस सूची में श्रीलंका 121 वें और बांग्लादेश 149 वें स्थान पर है, लेकिन हमारे पड़ोस में तो छोटा-सा देश भूटान भी है। भ्रष्ट देशों की रैंकिंग में 18 वें नंबर पर रहा भूटान दुनिया के खुशहाल देशों में भी गिना जाता है। जाहिर है, वायदों और दावों के विपरीत वास्तविकता हमारी व्यवस्था और मानसिकता पर सवाल खड़े करती है, जिसके जवाब खोजे बिना हम विश्व की तीव्र वृद्धिवाली अर्थव्यवस्था भले बन जायें, बेहतर देश नहीं बन पायेंगे। आर्थिक प्रगति में आंकड़ों के महत्व से इनकार नहीं है, लेकिन राष्ट्र की असली प्रगति समाज के सर्वांगीण विकास और खुशहाली में होती है।

लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह पांच किलो राशन मुफ्त देने की जरूरत देश की खुशहाली का प्रमाण तो हरगिज नहीं। बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा-स्वास्थ्य की



बदहाल व्यवस्था भी वास्तविक विकास के दावों पर सवालिया निशान है। इसलिए हमें आंकड़ों आधारित आर्थिक प्रगति पर आत्ममुग्धता से उबर कर भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले देशों से जरूरी सबक भी सीखने की जरूरत है। 90 अंकों के साथ डेनमार्क इस सूची में सबसे ऊपर है, जिसका अर्थ है कि वहां नाममात्र का ही भ्रष्टाचार है। 88 अंकों के साथ फिनलैंड इस सूची में दूसरे स्थान पर है, जिसे विश्व का सबसे खुशहाल देश भी माना जाता है। 84 अंकों के साथ सिंगापुर तीसरे, 83 अंकों के साथ न्यूजीलैंड चौथे और 81 अंकों के साथ लग्जमबर्ग पांचवें स्थान पर है।

महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अब विदेश में बसने के इच्छुक भारतीय इन छोटे देशों को भी अपना गंतव्य बनाने लगे हैं। क्या यह बात का संकेतक नहीं कि ये देश उन्हें हर दृष्टि से बेहतर जीवन का विकल्प नजर आते हैं? विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अपने नागरिकों का जीवन स्तर और बेहतर क्यों नहीं बना सकता? बेशक सबसे भ्रष्ट देशों की सूची पर नजर डालना भी जरूरी है। आठ अंकों के साथ दक्षिण सूडान 180 देशों में सबसे भ्रष्ट देश है, जबकि सोमालिया और वेनेजुएला नौ और 10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे भ्रष्ट देश हैं। उनके बाद सीरिया, लीबिया, इरिट्रिया, यमन और इक्वेटोरिल गिनी का नंबर आता है। वैसे इस सूची में रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे प्रभावशाली देश क्रमशः 154, 28, 25, 20 और 15 वें स्थान पर हैं।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक टॉप स्कोरवाले क्षेत्र यूरोपीय संघ और पश्चिमी यूरोप रहते थे, लेकिन लगातार दूसरे साल उनके प्रदर्शन में गिरावट हुई है, जिसका अर्थ है कि उनके नेता जनता की भलाई के बजाय व्यापारिक हितों के लिए काम कर रहे हैं। वहां कानूनों का गलत तरीके से पालन किया जा रहा है। दरअसल जब नेता ही जनता के बजाय पूंजीपतियों के व्यापारिक हितों के लिए काम करने लगते हैं तो नौकरशाही को भ्रष्टाचार का लाइसेंस-सा मिल जाता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची की प्रक्रिया भी समझना जरूरी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के सार्वजनिक क्षेत्र यानि पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके आधार पर देशों को शून्य से 100 के बीच अंक दिये जाते हैं। कम स्कोर का अर्थ ज्यादा भ्रष्टाचार होता है, जबकि ज्यादा अंकों का अर्थ कम भ्रष्टाचार। इसी आधार पर देशों की रैंकिंग तय होती है। भारत समेत विश्व में जबसे राजनीति और कॉरपोरेट का गठजोड़ पुख्ता हुआ है, सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हुईं हैं। आम सरकारी व्यवस्था में करप्शन के साथ नीतिगत भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक तंत्र को और कुरूप बनाया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का तो मानना है कि बढ़ता भ्रष्टाचार जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में भी बड़ी बाधक बन रहा है। सीपीआई की यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अरबों डॉलर आवंटित किये जाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते उस धन के दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है, जो स्वाभाविक ही जन जीवन को भी खतरे में डाल रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुखिया फ्रेंकोइस वेलेरियन कहते हैं कि भ्रष्टाचार एक उभरता हुआ वैश्विक खतरा है, जो विकास को रोकता है। साथ ही यह लोकतंत्र में गिरावट, अस्थिरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को भी बढ़ाता है। कहना नहीं होगा कि ज्यादा भ्रष्टाचारवाले देश इन तमाम खतरों से रूबरू हैं। यह भी कि इन खतरों से निपटे बिना देश और समाज के सर्वांगीण विकास के दावे संदेह और सवालों में ही घिरे रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# रेणु : हिन्दी में आंचलिक उपन्यासों के जनक

हिन्दी के अप्रतिम कथाकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' को आज की तारीख में खास तौर पर इसके लिए याद किया जाता है कि उन्होंने 1954 में 'मैला आंचल' के रूप में हिन्दी को उसका पहला आंचलिक उपन्यास दिया और आंचलिकता को उसकी मुख्यधारा बनाया। लेकिन उनके द्वारा इससे पहले देश के स्वतंत्रता संग्राम और 1950-51 की नेपाल की क्रांति में स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी के रूप में दिया गया योगदान भी भुलाने लायक नहीं ही है। यह भी कि यावत्जीवन दमन-शोषण व उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ते-लड़ते वे सोशलिस्ट पार्टी में सक्रिय होकर उसकी चुनावी राजनीति से होकर भी गुजरे। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो उसके विरोध में उन्होंने अपनी 'पद्मश्री' को 'पापश्री' कहकर वापस लौटा दिया था। बंगाल में रहकर धान की खेती करने वाली धानुक जाति के किसान शिलानाथ मंडल (जिनके पुरखे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले के औराही हिंगना गांव में आ बसे थे) के घर 1921 में आज के ही दिन रेणु का जन्म हुआ तो उनका नाम फणींद्रनाथ रखा गया था और परिजनों द्वारा दुलार से उन्हें फनिंदर व फुनेसर भी कहा जाता था। लेकिन चूंकि उनके जन्म के वक्त उनका धनवैभवसम्पन्न परिवार ऐसे दुर्दिन में जा फंसा था कि उसे पहली बार ऋण (स्थानीय बोली में रिन) लेना पड़ गया था, इसलिए दादी उन्हें 'रेनुआ' कहती थीं, जो बदलते-बदलते पहले रेनू फिर रेणु हो गया।




आगे चलकर वे फणीश्वरनाथ 'रेणु' नाम से कथाकार बने तो पूरे जीवन इस परिवेश से हासिल अनुभवों को ही अपने सृजन का आधार बनाते रहे। एक बार उन्होंने अपने गांव आये एक कथाकार को बताया था : धान की जितनी अच्छी फसल इस साल है, वैसी हो तो खेती करने में भी कविता करने का-सा आनंद आता है।...मेरे विचार से तो अभी एक बीघा खेत में खेती कर लेना पांच लेख और पांच कहानियाँ लिखने से ज्यादा फायदेमंद और एक एकड़ खेत में धान उपजाना, उपन्यास लिखने जैसे ही आनंद का वायस है।
हिंदी में न तब कोई ऐसा साहित्यकार था, न आज है, जो खेती-किसानी से अपने जुड़ाव के बूते ऐसी बात कह सकता हो। स्वाभाविक ही, उनका कथा साहित्य पाठकों को उनके अंचल के किसान जीवन के रागों व रंगों से ही नहीं, खटटी-मीठी सच्चाइयों से भी जोड़ता है। इसीलिए आलोचक कहते हैं कि उनके साहित्यकार की रग-रग में किसानी का रंग समाया था। जैसे जीवट से किसान अपनी फसलों की दुनिया रचता है, वैसे ही वे साहित्य की दुनिया रचा करते थे। वे पटना में रहते रहे हों, दिल्ली अथवा मुंबई में, ग्रामीण जीवन के प्रति बेकली और उसकी स्मृतियों से कभी मुक्त नहीं हो पाये। उन्होंने लिखा भी है: मैं हर दूसरे या तीसरे महीने शहर से भागकर अपने गांव जाता हूं, जहां घुटने से ऊपर धोती या तहमद उठाकर, फटी गंजी पहने, गांव की गलियों में, खेतों-मैदानों में घूमता रहता हूं। मुखौटा उतारकर ताजा हवा अपने रोगग्रस्त फेफड़ों में भरता हूं। सूरज की आंच में अंग-प्रत्यंग को सेंकता हूं।... झमाझम बरखा में दौड़-दौड़कर नहाता हूं। कमर भर कीचड़ में घुसकर पुरइन (कमल) और कोका (कोकनद) के फूल लोढ़ता हूं।

उनके गंवई व्यक्तित्व में ऐसी आत्मीयता थी कि वे अपरिचित को परिचित और परिचित को अपना बना लेते और छोटे-बडे. का भेद मिटा देते थे। इसीलिए उनको तीन पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु कहा जाता है। वे ऐसे ऐक्टिविस्ट कथाकार थे, जिसे शिल्प की नवीनता, संवेदनात्मक विस्तार और विवेकपरकता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था। उन्होंने लोकप्रियता के शिखर भले ही कथाकार के रूप में छुए, साहित्य की दूसरी विधाओं को भी कुछ कम समृद्ध नहीं किया। अपने अनूठे रिपोर्ताजों के जरिए पत्रकारिता की भी कुछ कम श्रीवृद्धि नहीं की। बिहार की राजनीति, समाज-संस्कृति आदि को लेकर पत्र पत्रिकाओं के लिए स्तंभ लेखन भी किया। जैसे उनका कथा साहित्य, वैसे ही कविताएं भी उनकी स्मृतियों का ही दस्तावेज हैं। इनमें 'मेरा मीत सनीचर' कविता में कभी उनका सहपाठी रहार सनीचर जीवन के तमाम उतार-चढ़ावों के बाद एक दिन अचानक ट्रेन मे उनसे मिलता है तो दावे के साथ हांक-सी लगाता है: 'अरे, फनीसरा, अब क्यों तू हम सबको पहचानेगा?' सुविदित है कि बीमारी के कारण उन्हें लम्बे समय तक अस्पताल में रहने के दौरान ही उन्हें अपनी सेवा-सुश्रूषा में लगी नर्स लतिका देवी से प्यार हुआ, जो उनके तीसरे विवाह तक जा पहुंचा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पांचो तत्वों को मिला है देवता का दर्जा



संकलित
**दर्शन**

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
**प्रेरणा**

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## चांदी सी बर्फ



लाहौल और स्पीति जिले के केलोंग में रविवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों का दृश्य।

## आज की पाती

### चीन हमसे आगे कैसे निकल गया

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- मदन पटेल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### जैव विविधता का संरक्षण हो




आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-आइए, भावी पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भारत के योगदान पर गर्व है। **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विफलता का थोक उत्पादन



मोदी सरकार में अगर कुछ थोक में 'मैन्युफैक्चर' (उत्पादन) हुआ है, तो वो है आर्थिक विफलता, बेरोजगारी, महंगाई और झूठ। अन्याय वाले कर हटाओ, एकाधिकार मिटाओ, बैंक के दरवाज़े खोलो, हुनर को हक़ दिलाओ। तब मज़बूत भारत का निर्माण शुरू होगा। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### यमुना जल्द साफ होगी



इस पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। गंगा-यमुना सब स्वच्छ हों। मैं यमुना की धरती को नमन करता हूं। यमुना की स्वच्छता के लिए अभियान चल रहा है। **-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### खुद में सुधार करें इमरान




पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को पाकिस्तान की तरक्की के लिए खुद में सुधार लाना होगा। पूर्व पीएम को गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की जरूरत है। **-शाहिद खाकान अब्बासी, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री**

## करंट अफेयर

# इमरान को जेल में काल कोठरी में रखा गया है

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में काल कोठरी में अलग–थलग रखा गया है। खान की पार्टी ने यह दावा किया। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने यह दावा किया। उन्होंने दावा किया, 'इमरान खान को काल कोठरी में रखा गया है; उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है। खान को दोषी ठहराए जाने से पहले ही विचाराधीन कैदी के रूप में काल कोठरी में रखा गया है।'



उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस कोठरी में खान को रखा गया, वह आतंकवादियों के लिए है। अकरम ने कहा कि यह शर्मनाक है कि पूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार केवल उनके मनोबल को तोड़ने की नीयत से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तमाम मुश्किलों के बावजूद खान का मनोबल मजबूत है। अकरम ने कहा कि खान को राजनीतिक सहयोगियों और परिवार के सदस्यों सहित आगंतुकों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई जो कानून के विपरीत है। कानूनन उन्हें वकीलों और करीबी रिश्तेदारों से मिलने का अधिकार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि छह लोगों को खान से मिलने की अनुमति देने वाले अदालत के फैसले के बावजूद, अधिकारियों ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी।

## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं–जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह,



एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

## हमारा पता

**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




विश्व वन्यजीव दिवस

# पीएम मोदी ने किया ऐलान: भारत में मई में होगी शेरों की गिनती



## एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत 2,900 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि 16वीं एशियाटिक शेर की जनसंख्या का आकलन मई में किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल केंद्र-वन्यजीव के लिए शिलान्यास किया और रिवर डॉल्फिन्स पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके अलावा, उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए एक रेफरल केंद्र की स्थापना की घोषणा की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का आनंद लिया। इस दौरे पर उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और अन्य एनबीडब्ल्यूएल सदस्य भी मौजूद थे।

**गुजरात के नौ जिलों में 30,000 वर्ग किमी में शेर निवास करते हैं**




**मुख्यमंत्री के रूप में सेवा के समय की बातें याद आ गई!**

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एशियाटिक शेर की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, और इसमें आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और महिलाओं का योगदान सराहनीय है. उन्होंने कहा, गिर आने से मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करते हुए समय की कई यादें ताजा हो गई।

**सिर्फ गुजरात में पाए जाते हैं एशियाटिक शेर**

केंद्र सरकार ने एशियाटिक शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लायन के तहत 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एशियाटिक शेर केवल गुजरात में ही पाए जाते हैं और वर्तमान में वे राज्य के नौ जिलों के 53 तालुकों में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बसे हुए हैं।

## गिर के शेर देखने के बाद थोड़ा गिरते हुए शेयर भी देख लेते साहब: पवन खेड़ा



**नई दिल्ली ।** गुजरात दौरे पर गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी करने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने कटाक्ष किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गिर में शेर की तस्वीरें क्लिक करते पीएम मोदी की एक तस्वीर को दोबारा पोस्ट किया। उन्होंने शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और तत्काल हस्तक्षेप कर सुधारात्मक उपाय करने की अपील भी की। सोमवार के कारोबार के बाद भी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 112.16 अंक गिरकर 73,085.94 पर बंद हुआ। निफ्टी 5.40 अंक गिरकर 22,119.30 पर बंद हुआ।

---

## खबर संक्षेप

### प्रियदर्शिनी एनएमडीसी की निदेशक बनीं


**हैदराबाद।** प्रियदर्शिनी गद्दम ने एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया । उन्हें



कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है । पहले वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) रहीं हैं।

### बंगाल के विश्वविद्यालयों में हड़ताल, तोड़फोड़

**कोलकाता।** सीपीआई(एम) की छात्र शाखा एसएफआई ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न विश्वविद्यालयों में



हड़ताल का आह्वान किया है। जिसमें वे शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस हड़ताल के कारण सोमवार सुबह कोलकाता के जादवपुर और प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालयों के परिसर सुनसान हो गए। छात्रों ने तोड़फोड़ की।

### आईआईटी बाबा: गांजा रखने का मामला दर्ज

**जयपुर।** महाकुंभ मेले के दौरान सुर्खियों में आने वाले आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह



को जयपुर में गांजा रखने के आरोप में कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। जयपुर में पुलिस चेकिंग के दौरान आईआईटी बाबा के पास मादक पदार्थ (गांजा) मिला। हालांकि उन्हे छोड़ दिया।

### विस में फोटो पर फंस गए आप के जरनैल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधासनभा में सोमवार को कार्यवाही के दौरान



फोटो खींचने को लेकर तिलक नगर के विधायक जरनैल सिंह घिर गए। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने जरनैल सिंह को फोटो डिलीट करने का आदेश दिया और भविष्य में ऐसा ना करने की चेतावनी दी।

---

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कार्यशाला का उद्घाटन किया

# ग्रामीण विकास-छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है हमारा डेयरी क्षेत्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा यह क्षेत्र ग्रामीण विकास और छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के पोषण का भी ख्याल रखता है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से 62% महिलाओं के जुड़े होने के कारण डेयरी क्षेत्र महिला सशक्तिकरण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अमित शाह ने दूसरी श्वेत क्रांति के लिए डेयरी क्षेत्र की संधारणीयता और सर्कुलेरिटी को महत्वपूर्ण बताया। अमित शाह ने देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला स्तर के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को सहकारिता डेयरी से नहीं जुड़े किसानों को अपने नेटवर्क में शामिल करने के लिए एक विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से किसान निजी डेयरियों को दूध बेचते हैं और अपना खुद का व्यापार चलाते हैं।उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है।

> लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। इसके लिए हम सबके सामुहिक प्रयासों की जरूरत होगी।

**डेयरी क्षेत्र में 62% महिलाओं का योगदान**

देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता

### खेती में खुशहाली की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत हुई



शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए।मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए।

**कृषि व्यवस्था छोटे किसानों पर आधारित**

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा।

### बायोगौस के उत्पादन पर जोर

बायोगौस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलतापूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

### दुग्ध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन में पिछले दस वर्षों में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है।यह कार्यशाला सहकारिता मंत्रालय और डेयरी मंत्रालय की पहलों और नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका उद्देश्य डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और पर्यावरण संबंधी उत्तरदायित्व के साथ आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना है।

---

### कैग रिपोर्ट पर भाजपा ने आप को घेरा

# भाजपा ने पूछा आपने आयुष्मान योजना लागू क्यों नहीं की...?



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को दिल्ली विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामा करने को लेकर आप विधायक अनिल झा को सदन से बाहर कर दिया। इसके बाद आप विधायकों ने 'जय भीम' के नारे लगाना शुरू कर दिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप चर्चा होने दें। आपको पूरा मौका मिलेगा कैग रिपोर्ट पर अपनी बात कहने का। दिल्ली विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं पर कैग रिपोर्ट को लेकर चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान भाजपा ने आप पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा विधायक अभय कुमार वर्मा ने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में जो रहेगा वो जिम्मेदार है, कोई बहाना नहीं चलेगा। जबकि भाजपा विधायक अनिल गोयल ने कहा कि ये दिल्ली के लोगों की सेहत से जुड़ा मामला है। भाजपा विधायक अशोक गोयल ने कहा कि कैग रिपोर्ट चीख-चीखकर कहा रही है, आप-दा की सरकार थी, इसने दिल्ली के लोगों के स्वस्थ से था खिलवाड़ किया।

**हमने जिम्मेदारी से काम किया**

आप से सवाल करते हुए पूछा कि आपने दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू क्यों हीं होने दी। भाजपा के इन आरोपों पर आप विधायक गोपाल राय ने कहा कि हमने जिम्मेदारी के साथ काम किया, भारत में पहली बार अगर कही मोहल्ला क्लिनिक स्थापित हुई तो उसका नाम दिल्ली है। केंद्र सरकार ने दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार किया है।इससे पहले सदन शुरू होने पर जब आप के विधायक प्लेकार्ड दिखाने लगे तो भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट भड़क गए और उन्होंने गुस्से में कहा कि ये मच्छी बाजार नहीं। वहीं सदन में आप विधायकों के हंगामा करने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उन्हें शांत रहने को कहा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि चर्चा से भागना चाहते हैं तो अलग बात है, आप चर्चा को चलने दें। सदन की मर्यादा है, अगर हंगामा किया तो मैं आपके बाहर निकाल दूंगा।

### हेल्थ में बहुत ज्यादा गड़बड़ियां

दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आप इसलिए हंगामा कर रही है, क्योंकि उसके कारनामे उजागर हो रहे हैं। सरकार में रहते हुए उन्होंने जमकर घोटाले किए, जिस पर अब खुलासे हो रहे हैं, इससे आप घबरा गई है। कपिल मिश्रा ने कहा कि किसी भी रिपोर्ट पर हंगामा करना, विपक्ष की आदत हो गई है।

---

तीन राज्यों की विधानसभा में पेश **बजट**

# छग में पेट्रोल सस्ता, बिहार में महिलाओं को 2500 रु. और झारखंड में भी सौगात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड के विधानसभाओं में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया। बजट में अधिकांशत: महिलाओं को महत्व दिया गया है।

**छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार का बजट सोमवार को पेश हुआ। राज्य का बजट 1 लाख



60 हजार करोड़ का रहा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दूसरी बार बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट भाषण में कई बड़ी घोषणाएं की। वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल की कीमतों में कटौती करने का फैसला किया। इसके साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए पिछले साल के बजट के अपेक्षा इस बार 5500 करोड़ रुपए का प्रावधन किया गया है।

**झारखंड**

झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26



के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद झारखंड में सत्ता बरकरार रखने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

**बिहार**

पटना। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा



में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 03 लाख 16 हजार 895 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पेश किया। यह पिछले बजट से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को ई रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी मिलेगी।

---

### सीएम को लेकर कर्नाटक में फिर बयानबाजी

# मोइली बोले आज नहीं तो कल सीएम बनेंगे डीके शिवकुमार, वे बोले-टिप्पणी नहीं करूंगा

एजेंसी ⏭ बंगलुरू

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली के बयान पर टिप्पणी करने से इनकार किया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि मुख्यमंत्री बनने के लिए मोइली ने उन्हें समर्थन दिया है, तो शिवकुमार ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।

मैं कार्यकर्ताओं की एक बैठक में था। मैंने सभी बूथ अध्यक्षों को शपथ दिलाई है, क्योंकि मुझे पार्टी अध्यक्ष के रूप में राज्य का दौरा करना है। इससे पहले आज मंत्री प्रियांक खरगे



ने भी वीरप्पा मोइली के बयान पर प्रतिक्रिया दी। खरगे ने शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि न तो शिवकुमार और न ही किसी और ने यह दावा किया है कि वह आज या कल मुख्यमंत्री बनेंगे।

**आलाकमान जो भी कहे, वह हमारे लिए अंतिम: संतोष लाड**

राज्य के मंत्री संतोष लाड ने भी मोइली की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी आलाकमाान के फैसलों का पालन करती है। लाड ने कहा, अगर मोइली ने ऐसा बयान दिया है, तो आपको उनसे पूछना होगा क्योंकि हम हमेशा आलाकमान की नीति का पालन करते हैं। आलाकमान जो भी कहता है, वह हमारे लिए अंतिम है.. यह उनकी राय है, आलाकमान की नहीं।

---

### रेलवे परियोजनाओं में तेजी और विकास को बढ़ावा

# अब नवरत्न कंपनियों में शुमार हुई आईआरसीटीसी व आईआरएफसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी ), और भारतीय रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) को 'नवरत्न' का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इससे अब ये अधिक स्वतंत्रता के साथ अपने निर्णय ले सकेंगी। इससे पहले ये दोनों ही कंपनियां इस श्रेणी में शामिल नहीं थीं। लेकिन अब यह भारतीय रेलवे से जुड़ी ये दोनों कंपनियां इस श्रेणी 25वीं और 26वीं कंपनी बन गई हैं, जिसे यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त हुआ है। इस कदम से आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को अपनी वित्तीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे भारतीय रेलवे के विकास को और गति मिलेगी।

**यात्रियों के लिए भी फायदेमंद**

आईआरसीटीसी भारतीय रेलवे की एक सहायक कंपनी है, जो मुख्य रूप से रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान सेवाएं और पर्यटन सुविधाएं प्रदान करती है। यह भारतीय रेलवे की डिजिटल



सेवाओं और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए काम करती है। वहीं, आईआरएफसी भी एक सरकारी कंपनी है, जिसका मुख्य कार्य भारतीय रेलवे के लिए धन की व्यवस्था करना और उसकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने में इसकी अहम भूमिका होती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इसका कुल कारोबार 26,644 करोड़ रहा, जबकि शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा, कंपनी की कुल संपत्ति 49,178 करोड़ हो गई।

---

### हिमानी हत्याकांड के आरोपी सचिन ने किए चौंकाने वाले खुलासे

पुलिस ने सचिन नामक युवक को गिरफ्तार किया

# दोस्ती, रिलेशन के बाद शुरु हुई ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सचिन ने अंतत: हिमानी का 'गला ही घोंट' दिया

शुरुआती जानकारी मिली है कि बहादुरगढ़ के सचिन और हिमानी की एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। इसके बाद हिमानी सचिन को ब्लैकमेल कर रही थी। इससे परेशान होकर आरोपी सचिन ने हिमानी की हत्या की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल के शव मिलने के बाद सियासी गलियों से लेकर पुलिस की जांच तक हंगामा मच गया। आरोपी कौन है और हत्या क्यों कि इसे लेकर पुलिस के तमाम आला अधिकारी जांच में जुट गए। दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बहादुरगढ़ के सचिन (30) नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर उससे लगातार पूछताछ की है। इस मामले में आरोपी ने गई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। हरियाणा पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि हिमानी और सचिन एक दूसरे को करीबन एक साल से जानते थे।

आरोपी मोबाइल की एसेसरीज की दुकान चलाता है

हत्या के कारणों को जानने के लिए पूछताछ



**हिमानी की मां का शक**

हिमानी नरवाल हत्याकांड पर उनकी मां का भी बयान आया था। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि आरोपी कोई जाना-पहचाना व्यक्ति है या तो पार्टी का कोई व्यक्ति या उसके कॉलेज का कोई व्यक्ति या हमारा कोई रिश्तेदार केवल वे ही घर आ सकते हैं मुझे यकीन है कि किसी ने उसके साथ

**हिमानी के भाई जतिन बोले**

हिमानी नरवाल के भाई जतिन ने कहा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमें न्याय मिलेगा। हमें अभी भी नहीं पता कि आरोपी कौन है पुलिस ने हमें कोई जानकारी नहीं दी है।

### मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटा

सचिन ने कांग्रेस नेता की मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की थी। हरियाणा की रोहतक के संपला कस्बे के बस स्टैंड पर एक बैग में एक मार्च को सुबह कांग्रेस नेता की बॉडी मिली थी। इस वीडियो के जरिए हिमानी द्वारा सचिन को ब्लैकमेल करने की बात सामने आ रही है। हिमानी को कई लाख रुपए देने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। आरोपी ने यह भी बताया कि दो मार्च को निकाय चुनाव होने थे, उससे पहले हिमानी ने सचिन को अपने घर बुलाया था। हिमानी सचिन से रुपयों की बार-बार मांग कर रही थी, सचिन ने उसे काफी समझाया, लेकिन हिमानी नहीं मनी।

### हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

# निचली अदालतों में कितने सांसदों-विधायकों के विरुद्ध आपराधिक मामले है लंबित, बताओ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश की अदालतों में कितने सांसदों और विधायकों के विरुद्ध अपराधिक मामले चल रहे हैं।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई मार्च के तीसरे सप्ताह में होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर 16 सितंबर 2020 को देश के सभी उच्च न्यायालयों को कहा था कि मौजूदा तथा पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ चल रहे मुकदमों की मॉनिटरिंग की जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई की जा रही है। पूर्व में हाईकोर्ट ने सरकार को रिपोर्ट पेश करने कहा था। मामले पर सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त मोहलत मांगी गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने कहा है।



## क्या कालोनी विकास नियम के उल्लंघन पर दर्ज की जा सकती है एफआइआर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दमोह कलेक्टर से पूछा है कि कालोनी विकास नियम के उल्लंघन पर क्या एफआइआर दर्ज की जा सकती है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कलेक्टर दमोह और एसडीओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।दमोह के आशीर्वाद इंटरप्राइजेस के शरद कुमार व अन्य पार्टनर्स की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि दमोह के हल्का नंबर 31 में याचिकाकर्ताओं ने करीब 0.395 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर प्लाटिंग करके बेचा जा रहा था। पटवारी ने रिपोर्ट में बताया कि यहां सड़क, पानी, नाली, बिजली पोल, गार्डन व अन्य सुविधाएं नहीं हैं। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि वो अवैध रूप से कालोनी बनाकर प्लाट बेच रहे हैं। राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट पर कलेक्टर ने एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए। दलील दी गई कि मप्र नगर पालिका (नगर विकास) नियम 2021 का उल्लंघन होने पर कम्प्लेंट केस दर्ज होता है, एफआइआर दर्ज नहीं की जा सकती।

### उर्स सैय्यदा फातिमा जहरा आज

# मस्जिदों में हुआ नमाजियों का इजाफा

**जबलपुर।**

रमजान शरीफ का आज तीसरा रोजा है! मुस्लिम बस्तियों में रमजान की रौनक देखी जा रही है। मस्जिदों में नमाजियों की तादाद में इजाफा हो गया है। जगह-जगह अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंडी मदार टेकरी स्थित अशरफ नगर में भी उर्स सैयदा फातिमा जहरा सलामुल्लाह अलैह के मौके पर हजरत सूफ़ी सय्यद गुल बाबा अशरफी के बफैजे रूहानी में विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया है। इस मौके हजरत सैय्यद फहीम अशरफ अशरफी की सरपरस्ती में दोपहर 'बाद नमाज जुहर फातिहा, मिलाद शरीफ व बाद नमाज मगरिब अफ्तार ए आम किया जाएगा। गौसे किछौछा एकेडमी के सदर फारुख अशरफी, सेकेट्री अधिवक्ता आलमगीर अशरफी चौधरी, शाकिर अशरफी, मुनव्वर हुसैन आदि ने तमाम रोजेदारों से कसीर तादाद में शिरकत कर सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है।




### जबलपुर में रमजान के लिए 'सेहरी वैन' की शुरुआत

जबलपुर में मदनी भाइयों द्वारा शुरू की गई 'सेहरी वैन' रमजान के दौरान शहर के मुसाफिरों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों को सेहरी पहुंचाने का काम करेगी, ताकि कोई भी बिना सेहरी के रोजा रखने के लिए मजबूर न हो। यह वैन पूरे रमजान महीने शहर में चलेगी और फोन कॉल पर सेहरी की आपूर्ति करेगी, इस पहल में हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, हाफिज इमरान अत्तारी और कांग्रेस नेता आजम खान जैसे लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### मंथन श्री का आयोजन

# डॉ. बीना शर्मा की कृति 'प्रभु नमन' का विमोचन

**जबलपुर।** मंथनश्री के तत्वावधान में शहीद स्मारक परिसर में डॉ. बीना शर्मा की प्रथम विचारपरक कृति 'प्रभु नमन' का विमोचन एवं आध्यात्मिक कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। पाथेय द्वारा प्रकाशित प्रभु नमन कृति का विमोचन करते हुए अतिथियों ने कहा कि डॉ. शर्मा ने विविध ग्रंथो के सार भाव को कृति में प्रस्तुत करते हुए मानवीय कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। कृति में द्वेत-अद्वेत, आत्मा-परमात्मा और ईश्वरीय सत्ता के मंगल विधान का ज्ञान समाहित है।

समारोह के मुख्य अतिथि हास्यकला साधक श्री के.के. नायकर थे। अध्यक्षता कविवर अभय तिवारी ने की। सारस्वत अतिथि डॉ. जितेन्द्र जामदार, डॉ. पूनम शर्मा, बृज विहारी शर्मा एवं डॉ. सलमा जमाल थीं।




## शिव पूजन का महत्व जाना श्रोताओं ने

**जबलपुर।** रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित शिव महापुराण के अष्टम दिवस के अवसर पर व्यास आचार्य सिद्धार्थ पाण्डे महाराज ने भगवान शिव पूजन महत्व एवं उनके विभिन्न रूपों का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी.सोनकर, अमरलता सोनकर, एड. बलराज सोनकर, राजश्री सोनकर सहित एड. धन्य कुमार जैन अध्यक्ष हाइकोर्ट बार ऐसोशियेसन, एड. प्रशान्त अवस्थी उपाध्यक्ष एवं समिति के पं. कमलेश तिवारी, एड. श्याम चंद्र तिवारी, डॉ. शिवमणी मिश्रा, पं. विष्णु दीक्षित सहित एड. मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिला बार ऐसोशियेसन एड. आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, प्रशान्त नायक, कार्यकारिणी सदस्य सहित डॉ. रमाकांत रावत, डॉ. एम.एल गौर, बगलामुखी आश्रम से कमलेश शास्त्री महाराज, कृष्णानन्द महाराज रामानुज धाम बिलहरी, सतीश महाराज काली मंदिर, अनिल पंडा श्रीनाथ तलैया हनुमान मंदिर, राजेश मिश्रा, पुजारी पं. बलराम परोहा, जगदीश यादव, अरुण सोनकर, राजेश सेन, पं. अरिवन्द पाठक, पं. राजेन्द्र पाण्डेय, बाबा सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिकों सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। रामलीला के पं. कमलेश तिवारी ने बताया कि शिव पुराण की कथा का आयोजन समिति के संरक्षक एवं संचालक तथा क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है।

## रादुविवि कर्मचारी संघ चुनाव के नतीजे घोषित

# वीरेंद्र अध्यक्ष और संजय महासचिव चुने गए

**जबलपुर।**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणोत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में वीरेंद्र पटेल अध्यक्ष पद के लिए चुन लिए गए है, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को सीधे मुकाबले में 22 वोटों से पराजित किए है। इसी तरह महासचिव के महत्वपूर्ण पद में राजेंद्र प्रसाद शुक्ला विजय घोषित किए गए। 187 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी संजय कुमार यादव को 168 वोट प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव रोहित आर्या चुने गए उन्हें 178 और पराजित प्रत्याशी रजनीश पांडे को 162 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर अंकित श्रीवास 145 वोट पाकर विजयी रहे। कृष्ण कुमार पाठक को 106 और विक्रम सिंह उईके को 103 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए 6 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें प्रेम प्रकाश पुरोहित 162, वीरेंद्र तिवारी 131 मत प्राप्त कर विजयी रहे। कार्यकारिणी के लिए कुल पांच सदस्य मैदान में रहे। प्रवीण जायसवाल 128, जयशंकर पांडे 123, अनिल कुमार एंथोनी 118, शनि यादव 141, गणेश प्रसाद उनेहा 113 मत प्राप्त कर विजयी रहे। इसके पूर्व सुबह 9 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। निर्वाचन अधिकारी श्रीमति दिव्या चंचौरिया के निर्देशन में चुनाव के उपरांत शाम को मतदान गणना की गई और देर शाम परिणाम घोषित कर दिए गए।





# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नगर को मिले 8 अवार्ड

**जबलपुर।** शहर जबलपुर के सर्वाधिक दंपति सदस्य संख्या वाले दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर को फेडरेशन के 350 ग्रुपों में अखिल भारतीय स्तर पर, प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र, पुष्पगिरी, इंदौर में आयोजित 29 वें राष्ट्रीय अधिवेशन की विभिन्न केटेगरी में,जबलपुर नगर ग्रुप को 8 अवार्ड से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ नगर ग्रुप अध्यक्ष मनोज साधना जैन, अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता स्वर सुधा- डॉ.अनूप निधि -तृतीय, राष्ट्रीय स्तर पर बैनर प्रजेंटेशन- तृतीय, राष्ट्रीय स्तर पर - स्क्रैप बुक अवार्ड, मानव सेवा , दान, खेल कूद, फेडरेशन द्वारा घोषित, राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग, हेतु कुल 8 राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड नगर ग्रुप को प्राप्त हुए।

# विद्यार्थी परिषद ने महाकोशल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओ को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि, जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य महोदय के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया व शीघ्र निराकरण की मांग की। एबीवीपी के महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर ने कहा कि महाविद्यालय में विभिन्न असामाजिक तत्वो के द्वारा फर्जी इंटर्नशिप करायी जा रही है। विद्यार्थियों में बैठने की भी उचित सुविधा देने में महाविद्यालय प्रशासन विफल है और महाविद्यालय में कैंटीन की भी कोई व्यवस्था नहीं हैविद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।अ.भा.वि.प. कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से कहा कि सभी विषयों का निराकरण अविलंब पूर्ण किया जाए एवं विद्यार्थियों को समस्याओं से मुक्त किया जाए एवं उचित समय सीमा में निराकरण ना होने पर विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी।

ज्ञापन के दौरान महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर, प्रांत सह मंत्री आर्यन पुंज, महानगर सह मंत्री अनमोल सोनकर महाविद्यालय अध्यक्ष लखन मांझी, कृष्ण गवलवन्स, गौरव बाल्मिक, सतायम पटेल, शासंक शर्मा, भास्कर पटेल, अनमोल सोनकर, आयुष यादव, आशुतोष पटेल, एवं महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# प्रसंग सुरमाला में गूंजे तराने

**जबलपुर।** प्रसंग संस्था द्वारा रानी दुर्गावती संग्रहालय कलावीथिका में प्रसंग सुरमाला का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नगमे प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कोई सागर दिल को बहलाता नही, सोचा था प्यार हम न करेंगे, जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति नगर के गायक कलाकारों मयंक श्रीवास्तव, योगेश उपाध्याय,पी डी दीक्षित, राज भट्ट, अंजना सक्सेना, प्रशांत पाठक, अशोक डेहरिया, ध्रुव मुखर्जी, अर्चना गोस्वामी, शर्मीला मुखर्जी, ध्रुव मुद्गल,जे पी चौहान, लखन राही, संजय मिश्रा ,राजेश विश्वकर्मा एवं स्वाति अवस्थी द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन इंजी जी व्ही अग्रवाल एवं मंच संचालन प्रसंग समूह के संस्थापक इंजी विनोद नयन द्वारा किया गया।

## संत रविदास विचार मंच की सभा 9 को

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा लालमाटी झामनदास चौक खेरमाई मंदिर में 09 मार्च को दोपहर 12.30 बजे आयोजित है। मंच के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को होली पर सावधानी रखने चेतावनी दी जाएगी। साथ ही 12 फरवरी को आयोजित संत रविदास जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों से चल समारोह में शामिल झांकियों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। मंच के कमल चौधरी, रामसिपाही सेठ, श्यामलाल चौधरी, लखन खरे, नारायण विश्वकर्मा, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई ने सभा में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

**CHANGE OF NAME**

I, **SAVITA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **10437893F** Rank **HAV** Name **KAPSE SUDHIR SUBHASH** presently, residing at **VILL- INJBAV, PO- INJBAV, TEH-DAHIWADI (MAN), DISTT-SATARA (MAHARASHTRA)-415509,** I have changed of my name from **SAVITA** (name as per my Husband army service records) to **KAPSE SAVITA SUDHIR** (name as per my **AADHAR CARD AND PAN CARD** vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **03/03/2025**) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)

**CORRECT NAME**
**KAPSE SAVITA SUDHIR**
**INCORRECT NAME-SAVITA**

### लाईनमैन दिवस आज मनाया जायेगा

# ट्रांसको और पूर्व क्षेत्र कंपनी करेगी लाईनमैनों को सम्मानित

**जबलपुर।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की 44 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में 04 मार्च को लाइनमैन दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत जबलपुर सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा एवं ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ मेंटेनेंस कार्य करने हेतु सुरक्षा शपथ दिलायी जायेगी।

मुख्यालय जबलपुर में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांस्को के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा इस अवसर पर विभिन्न ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में एम.पी. ट्रांस्को के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया जायेगा।



### पूर्व क्षेत्र कंपनी का आयोजन तरंग में

पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी में लाईनमैन सम्मान समारोह आज 4 मार्च को प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह रामपुर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र केएल वर्मा, मुख्य अभियंता प्रवर्तन जीडी वासनिक, अधीक्षण अभियंता शहर संजय अरोरा उपस्थित रहेंगे।



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सतत इंटर्नशिप, फील्ड प्रोजेक्ट और अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** शिक्षा में कौशल विकास की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड स्किल प्रोग्रेस द्वारा संचालित जिला कौशल केंद्र, घमापुर में छात्रों के लिए इंटर्नशिप, फील्ड प्रोजेक्ट और अप्रेंटिसशिप की सतत कक्षाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। संस्थान के संचालक राज शर्मा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यस्थलों पर अनुभव लेने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, कंपनियों, स्टार्टअप्स और सरकारी संस्थानों से जुड़कर छात्र रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, ऑन-जॉब ट्रेनिंग और व्यावहारिक समस्याओं को हल करने का कौशल विकसित कर रहे हैं।श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देने के परिणामस्वरूप अब छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और फील्ड प्रोजेक्ट्स के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/271
दिनांक:- 03/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती चन्द्रलता शर्मा पति श्री दीपक कुमार शर्मा (2) श्री दीपक कुमार शर्मा पिता श्री घनश्याम शर्मा ने मकान नं. 2897/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 170 व. फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/273
दिनांक:- 03/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नोमती बैनर्जी पति श्री स्व. श्री अरूणचन्द्र बैनर्जी, श्री अभिजीत बैनर्जी एवं इंद्रजीत बैनर्जी दोनों के पिता श्री स्व. श्री अरूणचन्द्र बैनर्जी ने मकान नं. 955/13 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 632 व.फ. शपथपत्र / मृत्यू प्रमाणपत्र / न्याया. आदेश तहसील के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/272
दिनांक:- 03/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सतीश मेहता पति श्री स्व. श्री व्ही. एस. मेहता, श्री अमित मेहता एवं विधु सूद दोनों के पिता श्री स्व. श्री व्ही. एस. मेहता ने मकान नं. 955/16 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी तृतीय तल 600 व.फ. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/न्याया. आदेश तहसील के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

# चौरसिया समाज का परिवार मिलन समारोह सम्पन्न

## 24वें वार्षिक समारोह में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**कानपुर।** अखिल भारतीय चौरसिया समाज, कानपुर का परिवार मिलन समारोह व सामूहिक विवाह लाजपत भवन, मोतीशील, कानपुर में सम्पन्न हुआ। विगत 23 सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में लगभग 40 जोड़ों का विवाह सफलता पूर्व सम्पन्न कराया जा चुका है और इस 24वें परिवार मिलन समारोह में 25 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें दो जोड़े दिव्यांगों का भी विवाह सम्पन हुआ। चौरसिया समाज के इस विवाह कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पधारे हुये नेतागण, अधिकारीगण, व्यापारीगण व वरिष्ठ समाज सेवक चौरसिया बन्धुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे.पी. चौरसिया (आईआरएस), व कमला कान्त चौरसिया रहे। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के पूर्व अध्यक्ष, मुख्य मार्गदर्शक एवं समाजसेवी आनन्द कुमार चौरसिया ने समाज के सभी बुद्धिजीवियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर का सदुपयोग हो एवं समाज के युवा को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नये उपायों पर चर्चा हो। किसी भी अच्छे एवं नए विचार एवं



सुझावों का स्वागत एवं सम्मान भी प्रस्तावित है। आनन्द चौरसिया ने समाज के सभी वर्गों को समानांतर करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई उन्होंने समाज के बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए लड़के एवं लड़कियों को समान रूप से अधिकार प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने की समय की मांग बताई ऐसा सभी समानों में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित होना चाहिए तभी समाज, प्रदेश एवं देश मजबूत होगा।

कमल किशोर चौरसिया (अध्यक्ष) ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य है कि समाज के लोग एक ही दिशा में सोचें और आपसी सामंजस्य से समाज के लोगों की सहायता हेतु संपन्न लोगों को आगे आना पढ़ेगा। इस परिवार मिलन समारोह में मौजूद हर व्यक्ति खुद को परिवार का सदस्य महसूस करें, फिर वह चाहे किसी भी आय वर्ग से आता हो उसे भरपूर सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सामूहिक विवाह कार्यक्रम में समान के लोग बढ़-चढ़ कर सहयोग करते हैं जिसमें वर-वधु को उपहार भी दिये जाते हैं आभूषण (कमला कान्त चौरसिया, श्रीमती आशा चौरसिया), कपड़े, कमल किशोर चौरसिया /श्रीमती ऊपा चौरसिया, अन्य दैनिक उपयोग के सामान जैसे पलंग/तकिया/गद्दा, सिलाई मशीन, बक्सा, मोबाईल, पंखा, बर्तन, बिछिया, दीवाल घड़ी, सुहाग पिटारी आदि जरूरी सामान दिये जाते है। विवाह कार्यक्रम में भोजन एवं चाय की व्यवस्था के.पी. ग्रुप एवं नवनीत चौरसिया की ओर से की जाती है। कार्यक्रम संयोजक अमित चौरसिया ने बताया कि सामाजिक कार्यक्रम के जरिये तमाम ऐसे काम हो जाते है जो अगल-अलग कारणों से पूरे नहीं हो पाते हैं। तमाम व्यस्तताओं के चलते हम लोगों का आपस में मिलना जुलना भी संभव नहीं हो पाता है। इस प्रकार के आयोजन सभी कमियों को दूर करते है और हमें एक दूसरे से मिलकर समाज की समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त होती है। अजीत चौरसिया ने कहा कि आपसी सामंजस्य को मजबूत करने के लिए इस तरह के आयोजन को लगातार करते रहने पर बल दिया।

# पतंजलि विवि वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय' आयोजित

**हरिद्वार।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पतंजलि को आने वाले समय का विश्व समाधान केंद्र बताते हुए कहा कि चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो या शिक्षा का, पतंजलि संस्थान का वर्चस्व पूरे विश्व में होगा। आज पतंजलि केवल एक संस्था ही नहीं, बल्कि भारत और भारतीयता के आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विचार है। पतंजलि राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा रहा है। उन्होंने योगऋषि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को योग और आयुर्वेद में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे एक जनांदोलन बताया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री देवभूमि हरिद्वार स्थित विश्वप्रसिद्ध पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह 'अभ्युदय' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव और कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को 'अभिनंदन पत्र सम्मान' से सम्मानित भी किया गया। भारत के शिक्षा मंत्री ने पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय' को भारत की ज्ञान परम्परा का प्रतीक बताते हुए कहा कि पतंजलि संस्थान ज्ञान की प्राचीन परम्पराओं और आधुनिकता के अभिनव समन्वय से देश की महान सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब योग केवल बुजुर्गों और साधु-संतों की बात मानी जाती थी, तब योगऋषि स्वामी रामदेव ने इसे जनांदोलन का रूप देने



का काम किया। आज देश का शायद ही कोई गांव या क़स्बा होगा, जहां योग की पहुंच ना हुआ हो। पतंजलि के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि यूनेस्को ने भी योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधित्व सूचि में औपचारिक रूप से अंकित किया है। साथ ही, कोविड-19 के समय महामारी से निपटने और कारगर प्रतिरोध उपाय के रूप में भी योग और आयुर्वेद के महत्व का उल्लेख किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा निति के महत्त्व को बताते हुए कहा कि पतंजलि भारतीय शिक्षा बोर्ड की कमान अपने हाथ में लिए भारतीय शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को उजागर करने में अहम योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने महान व्यक्तित्व एवं चरित्र पूरी दुनिया का गढ़ा है, उसी के बल पर सारा संसार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का एक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रूप में बड़ा विस्तार होगा और यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनेगा, इसी संकल्प को लेकर गतिशीलता के साथ कार्य किया जा रहा है यही सही मायनों में सनातन धर्म की विश्वविजयी यात्रा होगी। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके सहयोगी संस्थान 'पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन' के कार्यकलापों को विस्तार से बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा पतंजलि भारतीय हेरिटेज को आगे ले जाने का अभिनव कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके सहयोगी संस्थान 'पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन' द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में 'अभ्युदय' के अन्तर्गत क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को मेडल भेंट कर पुरस्कृत किया गया। पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह, पविवि के कुलानुशासिका एवं वार्षिकोत्सव की संयोजिका प्रो. साध्वी देवप्रिया समेत विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल, दूर शिक्षा निदेशक डॉ. सत्येंद्र मित्तल, कुलसचिव आलोक कुमार सिंह, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव व विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक अधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम एनएमडीसी बोर्ड में निदेशक (कार्मिक) बनीं

**हैदराबाद।** श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम ने शुक्रवार को एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। इस्पात मंत्रालय द्वारा उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूर्व वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) और कार्मिक प्रमुख के पद पर कार्यरत थीं। 1992 में अधिशासी प्रशिक्षु के रूप में एनएमडीसी में कार्यग्रहण के पश्चात वे निरंतर कंपनी में आगे बढ़ती रहीं और एक उद्यमी के रूप में उभरीं, जिससे कि खनन उद्योग में महिलाओं के लिए नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त हुआ। अपने तीन दशकों से अधिक की लंबी सेवा के दौरान श्रीमती प्रियदर्शिनी ने



एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करता है और एनएमडीसी में कर्मचारी कल्याण में उच्चतम मानक स्थापित करते हुए बेंचमार्क दिव्यांगजनों को एक समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कंपनी में औद्योगिक संबंध, भर्ती, चिकित्सा नीतियों और हितधारक प्रबंधन की प्रक्रियाओं और कार्यविधियों को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने सीपीएसई के वेतन संशोधन के अंतर्गत दूसरे वेतन संशोधन आयोग में एनएमडीसी का प्रतिनिधित्व किया है और तब से वेतन समझौतों में ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त किए हैं।

श्रीमती प्रियदर्शिनी का नेतृत्व एनएमडीसी स्टील लिमिटेड में अग्रणी रहा, जहां उन्होंने आरएंडआर नीति को लागू किया, समुदाय के लिए कौशल विकास पहलों का समर्थन किया और एनएसएल में अग्निशमन विभाग, व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शीघ्रता के साथ स्थापित किया, जिनमें से सभी ने कार्यबल की समग्र भलाई और सुरक्षा में योगदान दिया। वे उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद की पूर्व छात्रा रहीं हैं और उनके पास एलएलबी सहित सामाजिक कार्य (कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संपर्क) में स्नातकोत्तर डिग्री है। श्रीमती प्रियदर्शिनी के निदेशक (कार्मिक) होने पर एनएमडीसी उत्पादन का उच्चतर लक्ष्य स्थापित करने और उद्योग की सामूहिक संवृद्धि की ओर उन्मुख हो रहा है।

### माय 11 सर्किल ने जियोस्टार से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** माय11सर्किल ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस गठजोड़ के साथ माय11सर्किल भारत के उत्साही क्रिकेट दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और बढ़ाएगा।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

## आईसीआईसीआई प्रू-गिफ्ट सिलेक्ट बाजार की अनिश्चितता में देगा वित्तीय सुरक्षा

**मुंबई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' पेश किया है। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5 प्रतिशत की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से निपटने में मदद मिलती है।

### रोलर फ्लोर मिलर्स ने उठाया केंद्र सरकार के सामने मुद्दा

# मसाला बोर्ड, मखाना बोर्ड, चाय बोर्ड की तर्ज पर गेहूं बोर्ड गठन की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मसाला बोर्ड, मखाना बोर्ड, चाय बोर्ड की तर्ज पर अब गेहूं बोर्ड की मांग भी शुरू हो गई है। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार ये मुद्दा उठाया है।

आरएफएमएफआई के अध्यक्ष नवनीत चितलांगिया ने कहा कि रिसर्च, गाइडलाइंस और बाजार विस्तार के लिए गेहूं बोर्ड की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से स्थिर गेहूं नीति लाने, गेहूं उत्पादों के निर्यात को खोलने और साइलो भंडारण और आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। मिलिंग मशीनरी पर जीएसटी को मौजूदा 18 प्रतिशत की दर से वापस 5 प्रतिशत करने की मांग करते हुए कहा कि सीमा शुल्क में कटौती और कृषि भंडारण उपकरणों के बुनियादी ढांचे पर जीएसटी से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

### सीमा शुल्क और 18 फीसदी जीएसटी बढ़ा रहा परियोजना लागत



उन्होंने कहा कि साइलो पर मौजूदा सीमा शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी हमारी परियोजना लागत को काफी बढ़ा देता है। अधिक खुली निर्यात नीति से उद्योग की क्षमता और बाजार पहुंच बढ़ेगी। चोकर का निर्यात प्रतिबंधित है। मवेशियों के चारे की कमी न होने के कारण, कम चोकर प्राप्ति- जो कि टोटल मिलिंग उत्पादन का 25-30 प्रतिशत है- आटे की कीमतों को बढ़ाने वाला एक प्रमुख कारक है।

### आधुनिकीकरण और कार्यबल को उन्नत बनाने का आग्रह

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संस्थापक प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि बढ़ती इनपुट लागत, पुरानी तकनीक, नीतिगत उतार-चढ़ाव और अकुशल आपूर्ति श्रृंखला उद्योग को परेशान कर रही है। उद्योग जगत से आधुनिकीकरण और कार्यबल को उन्नत बनाने का आग्रह करते उद्योग जगत से गेहूं बोर्ड की स्थापना के लिए एक खाका तैयार करने को कहा और समर्थन का आश्वासन दिया क्योंकि विकसित भारत 2047 के तहत खाद्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### निफ्टी 5.5 और सेंसेक्स 5.3 फीसदी गिरा

# फरवरी में निवेशकों को 40 लाख करोड़ की लगी चपत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी है। बाजार में पिछले कुछ समय से लगातार जारी गिरावट की वजह से निवेशकों को मोटा नुकसान हुआ है। अकेले फरवरी में निवेशकों के 40 लाख करोड़ रुपये डूब गए। भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स 26 सितंबर 2024 को रिकॉर्ड ऊंचाई पर चढ़ने के बाद बिकवाली के दौर में बने हुए हैं। पिछले पांच महीनों में निफ्टी 50 इंडेक्स 26,277 के रिकॉर्ड उच्च स्तर से करेक्ट होकर 22,124 अंक पर आ गया है। निफ्टी50 अपने हाई से 4153 अंक या लगभग 16 फीसदी नीचे चल रहा है।पिछले सप्ताह शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 73,198 पर बंद हुआ, जो 85,978 के रिकॉर्ड हाई से 12,780 अंक या लगभग 15 फीसदी नीचे है। फरवरी महीने में इंडेक्स के परफॉर्मेंस की बात करें तो सिर्फ इसी महीने में निफ्टी50 इंडेक्स 5.5फीसदी नीचे चला गया।

### *निवेशकों को 40 लाख करोड़ का नुकसान*

*निवेशकों को फरवरी में बहुत मोटा नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप पिछले महीने में 40 लाख करोड़ रुपए घट गया। 31 जनवरी को बाजार बंद होने के बाद बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 424,99,887 करोड़ रुपए था। 28 फरवरी को बाजार बंद होने के बाद यह 384,60,048 करोड़ रुपए रह गया।*

### होली और रमजान त्यौहार के चलते बढ़ी खाद्य तेलों की खपत

# त्योहारी मांग से सोयाबीन, मूंगफली, वनस्पति हुआ महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्थानीय थोक खाद्य तेल बाजार में खाद्य तेलों की जोरदार मांग निकली रही है। मांग के साथ खाद्य तेलों की खपत में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है।

बाजार जानकारों के अनुसार खाद्य तेलों में होली और रमजान की लेवाली होने से स्थानीय थोक बाजार में सभी खाद्य तेलों की रोजाना खपत 20 गाड़ी से अधिक पहुंच गई है। तो वहीं मांग और आपूर्ति के मद्देनजर सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल,वनस्पति के भाव बढ़ गए है।



### 2150 रुपए का सोया तेल का जार अब 2300 रुपए का हुआ

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार सोया तेल कुछ दिन पहले 15 किलो का जार जो 2150 रुपए में मिलता था वह अब 2300 रुपए का हो गया है। मूगफली तेल 2200 रुपए से उछलकर 2400 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है जबकि वनस्पति जो 2000 से 2200 रुपए में 15 किलो मिल रहा था वह 2400 से 2500 रुपए की कीमत पर मिल रहा है। तेल कारोबारी अपूर्व पवैया के अनुसार सरसों की नई फसल उतर रही है जिसके चलते सोयातेल के दाम 2350 से 2400 रुपए के भाव पर स्थिर है। जबकि पामोलीन का दाम आसमान छू रहा है, इसलिए इसका आयात भी कम हो रहा है।

## प्रावेग ने की होटल प्रबंधन सौदे की घोषणा

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड, एक प्रमुख हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज प्रोवाइडर, भारतीय होटल्स कंपनी लिमिटेड के साथ एक स्ट्रैटेजिक साझेदारी की घोषणा करने के लिए उत्साहित है, जो भारत के प्रमुख होटल चेन में से एक है। इस समझौते के तहत आईएससीएल, प्रावेग लिमिटेड की प्राचीन संपत्ति, प्रावेग एटोल्स, जो लक्षद्वीप के अद्भुत बंगारम द्वीप पर स्थित है, का प्रबंधन करेगा। इस रिसॉर्ट को प्रतिष्ठित सेलेक्शन ब्रांड के तहत वर्गीकृत किया जाएगा, जो इसके लक्जरी ऑफरिंग्स को और भी ऊँचा करेगा।यह सहयोग प्रावेग लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भारत के सबसे अद्वितीय और मांग वाले स्थलों में से एक में विश्व-स्तरीय हॉस्पिटैलिटी अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

आवश्यकता
आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348 (रायपुर /04/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 5796



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5795 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5806

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5805 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
4 मार्च 2025

# सहेली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष



# हर दिन लिखतीं नई कहानी

एक दौर था, जब आधी आबादी की स्थिति बहुत दयनीय थी, वह तमाम संकटों-यातनाओं से घिरी थी, दूसरों पर पूरी तरह निर्भर थी, उसका कोई अस्तित्व नहीं था। लेकिन समय के बदलाव के साथ स्त्रियों की स्थिति बदली, वे आत्मनिर्भर बनीं। उन्होंने नई इबारत लिखनी शुरू की। आज की स्त्रियां विकासोन्मुखी हैं, उनकी अपनी एक अस्मिता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर अतीत से लेकर अब तक आधी आबादी के बदलते परिदृश्य पर एक विहंगम दृष्टि।

आवरण कथा

**क्षमा शर्मा, साहित्यकार**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च का दिन इस लेखिका को पचास साल पहले ले जाता है, जब गांव में घर की फर्श पर लेटी थी कि रेडियो पर खबर आई कि संयुक्त राष्ट्र ने यह साल यानी कि 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया है। उन दिनों इतनी समझ नहीं थी, लेकिन बाद में समझ में आया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी दिवस को मनाने की घोषणा की जाती है तो इसका मतलब होता है, जिसके बारे में यह घोषणा की गई है, उसके बारे में सोचना, जागरूक होना। दुनिया भर में सरकारों से उनके समर्थन में नीतियां बनवाना। उन्हें लागू कराना।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी महिलाएं:** एक जनगणना में यह भी बात सामने आई कि अब गांवों में भी महिला शिक्षा और उनकी आत्मनिर्भरता पर जोर है। महिलाओं की आत्मनिर्भरता ने उन्हें बताया कि अब वे पैसे-पैसे के लिए किसी और की मोहताज नहीं हैं। वे पैसे कमा सकती हैं, जैसा चाहे वैसा जीवन जी सकती हैं। वर्ना तो हमारी दादी-नानियों में बहुतों का कहना था कि उन्होंने कभी अपने हाथ में सौ रुपए भी नहीं देखे हैं। उस पीढ़ी की स्त्रियों का जीवन घर से घर तक खत्म हो जाता था। वे बाहर की दुनिया के बारे में जानती तक नहीं थीं। उन्होंने शायद ही कभी बाजार के दर्शन किए थे या अपने लिए कभी कुछ खरीदा था। वे खाना, कपड़े, इलाज सभी के लिए घर के पुरुषों पर ही निर्भर थीं।



**यातनाओं से घिरी स्त्रियों का वो दौर:** एक जमाना था जब स्त्रियां तमाम तरह की मुसीबतें-यातनाएं सहती थीं। विधवा हो जाएं तो घर से निकाल दी जाती थीं। बच्चे न हों, तो बांझ कह कर दूसरा ब्याह पुरुष कर लेते थे। घरेलू हिंसा आम बात थी। दहेज के तो कहने ही क्या। स्त्री दहेज कम लाई इसके ताने उसे जीवन भर सुनने पड़ते थे। स्टोव अकसर उसके ऊपर ही फटते थे। लड़की के मायके वालों की हैसियत हो, न हो, बच्चे के जन्म से लेकर हर त्योहार, उसके परिवार वालों से तरह-तरह के सामान की मांग की जाती थी। वह एक ऐसी सेविका होती थी, जो मुंह सिलकर बस सेवा करने के लिए बनी थी। मुंह से उफ निकली नहीं कि तरह-तरह की हिंसा की शिकार हुई नहीं। स्त्री की मृत्यु का कोई मतलब नहीं था। पुरुष विधुर होते ही दूसरी शादी कर लेता था, लेकिन स्त्री को विधवा होने का अभिशाप झेलना पड़ता था। हमारी आजादी के नायकों और पुनर्जागरण के नायकों ने इस बात को समझा था, इसीलिए विधवा विवाह का आंदोलन देश भर में चलाया गया था। बेमेल विवाह और बाल विवाह के विरोध में भी आंदोलन चले थे। हम वह समय भी याद करें, जब शादी को स्त्री का सबसे बड़ा धर्म माना जाता था। बचपन से ही उसके सामने कहा जाता था लड़कियां तो पराए घर की होती हैं। अपने माता-पिता का घर तो जैसे उसका अपना होता नहीं था और जिस घर में जाती थीं, वहां उन्हें हमेशा अहसास कराया जाता कि वह बाहर से आई हैं। यानी कि वह इस धरती पर बोझ की तरह थीं। इसका बड़ा कारण यह था कि उनके परिश्रम की अनदेखी की जाती थी। घर में रह कर चाहे चौबीस घंटे काम करें, लेकिन उससे कोई पैसा तो कमाती नहीं थीं, इसीलिए इस श्रम का कोई मूल्य भी नहीं था। उन्हें हर एक के अहसान के तले जिंदा रहना पड़ता था।

### बदल गया परिदृश्य

**संयुक्त राष्ट्र** द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष मनाए जाने की घोषणा के बाद अपने देश में भी परिदृश्य बदलने लगा। बहुत से महिला संगठन बने। हर साल इस दिवस पर बड़े-बड़े जुलूस निकाले जाते। स्त्रियों के प्रति जो भी अन्याय या अत्याचार हो रहा है, उनकी परेशानियां क्या हैं? इस पर बात होने लगी। लेख छपने लगे। सरकारी नीतियों में उन्हें प्राथमिकता मिलने लगी। वे अधिक से अधिक शिक्षित हों, आत्मनिर्भर हों इसकी योजनाएं बनने लगीं। क्रियान्वयन भी होने लगा। सरकारी जॉब्स हों या प्राइवेट, जहां एक्का-दुक्का महिलाएं नजर आती थीं, देखते-देखते महिलाओं की संख्या बढ़ती गई। कहने का यह मतलब है कि महिलाओं को पढ़ना-लिखना चाहिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनना चाहिए, इसे जैसे हमारे समाज ने स्वीकार कर लिया था।

**आजादी के बाद महिलाओं को मिले अधिकार:** हमारे लोकतंत्र, आजादी की लड़ाई ने ही स्त्रियों की भूमिका को रेखांकित किया था। वोट के लिए उन्हें कोई संघर्ष भी नहीं करना पड़ा, जबकि अमेरिका जैसे देश में वोट का अधिकार पाने के लिए औरतों को सत्तर साल तक लड़ाई लड़नी पड़ी थी। इसके अलावा मीडिया की आलोचना भी खूब सहनी पड़ी थी, जबकि भारत में आमतौर पर मीडिया का साथ महिलाओं को मिला। उनकी समस्याओं को खूब उठाया गया। आज तक उठाया जाता है। महिलाओं के पक्ष में बहुत से कानून बने। यदा-कदा उनका दुरुपयोग भी होता है, लेकिन कुल मिलाकर ये कानून स्त्रियों को उनकी आफतों से मुक्ति दिलाने के लिए ही बनाए गए थे। घरेलू हिंसा, दहेज विरोधी अधिनियम, दुष्कर्म के खिलाफ कानून, स्त्रियों को संपत्ति में अधिकार, लिंग परीक्षण के खिलाफ ऐसे ही कानून हैं, जिनकी मूल प्रतिज्ञा स्त्रियों की रक्षा करना ही है।



**आज की स्त्रियां:** आज इक्कीसवीं सदी अपने पचीसवें वर्ष में जब प्रवेश कर चुकी है, तो हम देखते हैं कि इस दौर में स्त्रियों की दुनिया बदल गई है। अब वे दबी-कुचली इमेज को स्वीकार नहीं कर सकतीं। वे दबी-कुचली हैं भी नहीं। जिस तरफ देखें, सफलता के परचम लहराती नजर आती हैं। कहा जाता था कि राजनीति में स्त्रियों की कोई जगह नहीं है, लेकिन आजकल वे अपनी वोट और शिक्षा की ताकत से सरकारें बना रही हैं। पुरुषों से अधिक संख्या में वोट दे रही हैं। यही नहीं वे किसे वोट देंगी, इसका चुनाव खुद कर रही हैं न कि अपने घर के पुरुषों की इच्छानुकूल व्यक्ति को वोट दे रही हैं।

**आजादी से रहना चाहती हैं लड़कियां:** बदले हुए दौर में अब लड़कियों के लिए शादी उनकी प्राथमिकता नहीं रही। अपने देश में तो लड़की अठारह साल की हुई नहीं कि उसे ब्याहने का रिवाज था। लेकिन इन दिनों पढ़ी-लिखी लड़कियां या तो शादी ही नहीं करना चाहतीं या कहती हैं कि जब उन्हें लगेगा तब शादी करेंगी। अथवा जब कोई पसंद आएगा तब सोचेंगी। आजकल लड़कियां बड़ी संख्या में देश-विदेश घूम रही हैं। अपनी नजरों से दुनिया देख रही हैं। आनंद उठा रही हैं।

**मिली है स्वायत्तता-स्वतंत्रता:** आज की स्त्री इतिहास के एक ऐसे मोड़ पर है, जहां वह अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को प्राप्त कर रही है। पहले आजाद ख्याल स्त्री को बिगड़ैल कहा जाता था, लेकिन अब स्त्रियां अपनी आजादी को सबसे महत्वपूर्ण मानती हैं। वे हर क्षेत्र में दिखाई दे रही हैं। राजनीति और मीडिया में छाई हुई हैं। वे उन क्षेत्रों में कदम-ताल कर रही हैं, जहां पहले कभी नहीं देखी गईं। सरकारें उनकी ताकत को पहचान रही हैं। हर दल के मेनिफेस्टो में उन्हें जगह मिल रही है। अब सरकार भी घरों की रजिस्ट्री स्त्रियों के नाम कर रही है, जिससे कि कभी उन्हें घर से न निकाला जा सके। सचमुच यह एक नई स्त्री है। इसे पुराने विचार और चश्मे से नहीं देखा जा सकता। a

---

## सशक्तिकरण के लिए चाहिए

# पुरुषवादी सोच से मुक्ति

यह कतई जरूरी नहीं कि समाज में बराबरी का दर्जा पाने, सशक्त बनने के लिए महिलाएं, पुरुषों का हमेशा विरोध करें। वास्तव में सशक्तिकरण के लिए पुरुषवादी सोच से मुक्ति पाना जरूरी है। इसके लिए वे कैसे और किस स्तर पर प्रयास कर सकती हैं, यह सभी महिलाओं के लिए जानना जरूरी है।

बदलाव

**चेतना झा**



लगभग हर वर्ष 8 मार्च यानी महिला दिवस पर एक सवाल इसके औचित्य पर उठता है। साथ ही पूछा जाने लगता है कि महिलाएं मुक्ति आखिर किनसे चाहतीं हैं? अपने पिता, पति, भाई या बेटे से या दुनिया के तमाम पुरुषों से? इस मामले को गंभीरता से समझे जाने की जरूरत है। वास्तव में महिलाओं की लड़ाई पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थापित कर दी गई, उस पुरुषवादी मनोवृत्ति से है, जो महिलाओं को खुद से कमतर समझते हैं।

**बच्चों का हित सबसे अहम:** हम जानते हैं कि लाख विरोध, लाख संघर्ष के बावजूद स्त्री और पुरुष के बीच का मतभेद या संघर्ष दो देश, दो नस्ल, दो जाति, दो दल या दो वर्ग की लड़ाई नहीं है। स्त्री-पुरुष में जो भी हारता या पिछड़ता है, लेकिन इससे प्रभावित दोनों की जिंदगियां होती हैं। परिवार और बच्चे पर भी इसका असर पड़ता है। शायद यही कारण है कि तमाम कानून से वाकिफ रहने के बावजूद महिलाएं कई बार चुप्पी अपना लेती हैं। पर इस चुप्पी को सही नहीं ठहराया जा सकता है। आवाज उठानी ही चाहिए।



**अन्याय का विरोध जरूरी:** अगर आप, आपके परिवार, पड़ोस या गांव में कोई महिला पीड़ित है तो इसका मतलब है कि और भी कई महिलाएं इस दर्द से गुजर रही हैं। अकसर हम घर परिवार की इज्जत, समाज क्या कहेगा आदि के नाम पर उफ तक नहीं करते। महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही महिलाओं ने इस सूत्र की पहचान कर अपने अनुभवों का निचोड़ देते हुए कहा है कि पर्सनल इज पॉलिटिकल। एक के प्रतिरोध में दूसरी कई महिलाओं की तकलीफों का इलाज छिपा है। इसलिए अन्याय किसी महिला के साथ हो, विरोध जरूरी है।

**हम पुरुष नहीं बनना चाहते:** महिला दिवस पर एक बार फिर हम महिलाएं कहना चाहती हैं कि हम महिला दिवस मनाते हैं, फेमिनिस्ट हैं, इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि हम पुरुष बनना चाहते हैं यानी उनकी सोच अपनाना चाहते हैं। सच यही है कि हमें अपनी प्राकृतिक संरचना पर गर्व है। जो हमारी शारीरिक-मानसिक संरचना है, हमें बेहद प्रिय है। हमें मातृत्व से मुक्ति नहीं चाहिए, मुक्ति चाहिए पुरुषों की उस सोच से, जो हमें जन्म देने वाली मशीन समझता है। मुक्ति चाहिए उस अमानवीय सोच से, जो स्त्रियों के शरीर को बस भोग्य समझता है।

**मुक्ति पूर्वाग्रह से:** 'त्रिया चरित्रं .. देवो न जानाति' ऐसे जाने कितने पूर्वाग्रह पुरुषों ने पीढ़ियों से अपने मन में बसा रखे हैं। हमें उनके ऐसे पूर्वाग्रहों से मुक्ति चाहिए। जी हां, हम जानते हैं कि दोषी पुरुष नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था है, जो जन्म से मृत्यु तक पुरुषों को एक ही पाठ पढ़ाती है कि महिलाएं उनसे कमतर हैं। उनके भोग के लिए हैं। घर संभालना और बच्चे जन्म देना ही उनका काम है। नन्हा-सा बच्चा रोने लगता है तो पुरुष सदस्य झट से कहते हैं, ये क्या लड़कियों की तरह रोने लगे? दरअसल, दोषी वही बातें हैं, जो जाने-अनजाने बच्चों के मन में यह बात पैठ करा देती हैं कि लड़कियां कमतर हैं।

**संकीर्ण सोच से मुक्ति:** आज जरूरत इस बात की है कि हम काम या प्रवृति को औरताना और मर्दाना खाने में बांटना बंद कर दें। हम महिलाएं शर्माती हैं, अधिक महत्वाकांक्षा नहीं पालतीं, चूहों-काक्रोच से डरती हैं, तो ऐसे में दरकार हमारे खुद के इन गुणों, संकीर्ण सोच से मुक्ति की है। साथ ही जरूरत अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने की भी है कि वे उसे ही हीन न समझने लगें, जो कोख में रख कर उन्हें जीवन देती है। a

---

आत्मप्रेरणा

**सरस्वती रमेश**

# सशक्तिकरण की ओर स्वयं बढ़ाएं कदम

महिला दिवस के आस-पास महिला सशक्तिकरण की चर्चा हर तरफ से सुनाई देने लगती है। हालांकि सरकार से लेकर अनेक गैर सरकारी संस्थाएं और संगठन, महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य भी कर रही हैं। लेकिन हमें ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सामाजिक परिवर्तन केवल संस्थागत प्रयासों से सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य होना आवश्यक है। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर हर महिला को सशक्त बनाना है तो सभी महिलाओं को इसके लिए जागरूक करना पड़ेगा, ताकि महिलाएं स्वयं सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

**अर्जित करें शिक्षा:** शिक्षा को सशक्तिकरण की चाबी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। महिलाओं के लिए यह बात बहुत ज्यादा मायने रखती है। अगर बेटियों की पढ़ाई-लिखाई ठीक से कराई जाए तो वे न सिर्फ समझदार और जागरूक बनती हैं बल्कि अपने पैरों पर खड़ी होकर आर्थिक स्वावलंबन भी अर्जित करती हैं। शिक्षित महिलाएं समाज की रूढ़ियों को तोड़ अपने लिए नया रास्ता बनाती हैं। आने वाली पीढ़ियों को राह दिखाती हैं और खुद सशक्त होकर समाज, परिवार और देश को भी मजबूत बनाती हैं।



**घर के फैसलों में भागीदारी:** अकसर यह देखा जाता है कि घर के सारे अहम फैसले पुरुष सदस्य ही लेते हैं। फिर चाहे वह प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला हो या बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-ब्याह आदि से जुड़ा मुद्दा। कई बार महिलाओं से उनकी राय भी नहीं पूछी जाती है। लेकिन अधिकतर मामलों में महिलाएं इसे जरूरी भी नहीं मानती हैं, उन्हें लगता है कि इन मामलों में वे सही निर्णय नहीं ले पाएंगी। ऐसी सोच से उनमें आत्मविश्वास घटता है और निर्णय लेने की क्षमता भी उनमें कमजोर होने लगती है। घर-परिवार से जुड़े हर छोटे-बड़े मामले में महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी राय देनी चाहिए और जरूरत के अनुसार फैसले भी लेने चाहिए।

**अपने अधिकार जानें:** छोटे शहरों और गांवों में रहने वाली अधिकांश महिलाओं के अशक्त होने की एक बड़ी वजह है कि उन्हें अपने अधिकारों और अपने पक्ष में बने कानूनों की जानकारी ही नहीं है। पढ़ी-लिखी महिलाओं को न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, अपने आस-पड़ोस अशिक्षित महिलाओं को भी उनके अधिकारों की जानकारी देनी चाहिए।

**भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएं:** घर हो या दफ्तर, सार्वजनिक स्थानों पर भी महिलाओं के साथ भेदभाव होना आम बात है। इसलिए यह जरूरी है कि महिलाओं के साथ हो रहे हर तरह के भेदभाव के विरोध में अपनी आवाज उठाई जाए। महिला-पुरुष में कोई भी भेदभाव हो, तो उसका पुरजोर विरोध करें। a

---

सलाह

**संध्या सिंह**

एक समय तक वूमेन एंपॉवरमेंट के लिए शिक्षा को सबसे जरूरी माना जाता था। लेकिन आज के दौर में डिजिटली स्किल्ड और इंटरनेट यूज करने में एक्सपर्ट होना जरूरी हो गया है। इससे खुद को कैसे एंपॉवर कर सकती हैं, जानिए।

## एंपॉवरमेंट के लिए जरूरी

# बनें डिजिटल एक्सपर्ट

इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम, 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' है। कुल मिलाकर यह थीम सभी को समान अधिकार, शक्ति और अवसरों को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देती है। सवाल है, इसे हासिल कैसे किया जाए? आज के दौर में इन सभी चीजों को हासिल करने का एक ही तरीका है- डिजिटल तकनीकी में महारत यानी एक्सपर्टीज हासिल की जाए।

**डिजिटल स्किल्ड का अर्थ:** आज शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियों से सशक्तिकरण की उतनी गारंटी नहीं है, जैसी गारंटी आधुनिक डिजिटल तकनीक में महारत हासिल करने में है। लेकिन डिजिटल कुशलता का मतलब सिर्फ कंप्यूटर या स्मार्टफोन चला लेने में दक्षता भर नहीं है बल्कि काम की सूचनाओं तक त्वरित ढंग से पहुंच, डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग कर सकना, ऑनलाइन अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना और साइबर सुरक्षा की भरपूर समझ होना है। वास्तव में आज सशक्तिकरण का बुनियादी आधार यही है, चाहे आप लड़की हों या लड़का। महिलाओं के लिए यह ज्यादा जरूरी है, क्योंकि वे अभी भी समाज में पुरुषों के मुकाबले पिछड़ी हुई हैं। इसलिए इस महिला दिवस पर क्यों न आप डिजिटल तकनीकी में कुशलता हासिल करने का संकल्प लें।



**इकोनॉमिक एंपॉवरमेंट:** आज की तारीख में डिजिटल तकनीक में कुशल होने पर ही रोजगार के नए से नए अवसर उपलब्ध होते हैं। सिर्फ नौकरी ही नहीं, आज की तारीख में डिजिटल कुशलता के बिना फ्रीलांसिंग, ऑनलाइन बिजनेस, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे किसी भी क्षेत्र में काम पाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आजकल डायरेक्ट एंप्लॉयमेंट से ज्यादा महिलाओं के लिए फ्रीलांसिंग की सुविधा मौजूद है, जो बहुत आराम से घर बैठे की जा सकती है। लेकिन यह संभव तभी होगी, जब आपके पास खुद का डेस्कटॉप कंप्यूटर या लैपटॉप हो और डिजिटल तकनीक में आप पूरी तरह पारंगत हों। अगर ऐसा है तो आप कभी भी आर्थिक रूप से परेशान नहीं रहेंगी क्योंकि बाजार में बहुत बड़े पैमाने पर ऑनलाइन डिजिटल रोजगार उपलब्ध है।

**स्टार्टअप-एंटरप्रेन्योरशिप:** महिलांए सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन ब्रांडिंग का उपयोग करके घर बैठे अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। आज देश में सैकड़ों या हजारों नहीं बल्कि लाखों महिलाएं हैं, जो घर बैठे अपना बिजनेस कर रही हैं। लेकिन यह तभी संभव है, जब आप डिजिटल तकनीक के बरतने में माहिर हों। वर्क फ्रॉम होम के मौके भी ऐसी ही महिलाओं के लिए उपलब्ध होते हैं, जो डिजिटल तकनीक में कुशल हैं।

**शिक्षा और ज्ञान का विस्तार:** अगर आज आप डिजिटल टेक्नोलॉजी में माहिर हैं, अपने सशक्तिकरण के लिए उसका बेहतर इस्तेमाल करना जानती हैं तो आज ऐसे दर्जनों प्लेटफॉर्म हैं, जहां से घर बैठे विभिन्न क्षेत्रों की उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं या अपने कौशल को बढ़ा सकती हैं। यही नहीं अगर डिजिटल तकनीक में पारंगत हैं तो तमाम तरह की स्वास्थ्य और कानूनी जानकारियां हासिल करके महिला अधिकारों, सरकारी योजनाओं, मातृत्व लाभ और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारियां आसानी से पा सकती हैं और इनके जरिए अपना आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण भी आसानी से कर सकती हैं।

कह सकते हैं कि आज की तारीख में आर्थिक, सामाजिक और वैयक्तिक सशक्तिकरण के लिए सबसे ज्यादा जरूरी डिजिटली एक्सपर्ट होना है। a



## खबर संक्षेप



### इनियान ने जीता कान ओपन शतरंज

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7.5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं।

### फीफा ने पीएफएफ पर लगाया प्रतिबंध हटाया

**लाहौर।** विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है चूंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है।

### असम ने बिहार को 2-1 से हराया

**पंचकूला।** असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2-1 से हराया। पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) भी सेट पीस को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की।



### ओलंपिक में नए दर्शक लाएगा क्रिकेट : को

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे सेबेस्टियन को ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से नए बाजार मिलेंगे जो ओलंपिक आंदोलन के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। क्रिकेट 1900 सत्र के बाद पहली बार टी20 प्रारूप में ओलंपिक में लौटा रहा है। इसे 2028 ओलंपिक के लिए पांच अतिरिक्त खेलों में शामिल किया गया है। यह निर्णय 2023 में लिया गया था।



## तीन बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम को सेमीफाइनल और फाइनल में मिली है हार

## चैंपियंस ट्रॉफी : पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज दोपहर 2.30 बजे


# आस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 वर्ष की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा होगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है जब भारत के दस मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में आस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को आस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम चौदह बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।







### आस्ट्रेलिया के पास एक स्पिनर



आस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे आस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी।

### पांच स्पिनरों का चयन बना मास्टरस्ट्रोक



टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे है बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है।

### चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली शामिल



युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी।

### यह हमारा घर नहीं भड़के रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि सारे मैच दुबई में खेलने से उनकी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में फायदा हो रहा है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हर बार पिच से अलग तरह की चुनौती मिलती है। यहां हमने तीन मैच खेले हैं और तीनों मैचों में पिच का स्वभाव अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हमने यहां उतने मैच भी नहीं खेले हैं। यह हमारे लिए भी नया है। यहां चार या पांच पिचें इस्तेमाल की जा रही है। मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच होगी। लेकिन जो भी हो, हमें खुद को ढालना होगा और उस पर खेलना होगा।'



### चार स्पिनर लुभावना संयोजन

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिए और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने कहा, 'हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं। इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है।'

## आईपीएल की उल्टी गिनती शुरू

# 10 में से 9 कप्तान तय




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए उल्टी गहनती शुरू हो गई। 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अब सिर्फ 17 दिन ही शेष बचे हैं। आईपीएल में अब तक 10 में से 9 टीमों के कप्तान तय हो चुके हैं। हम आपको यहां सभी कप्तानों के बारे में बारे में बता रहे हैं।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**
पांच बार आईपीएल जीतने वाली टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेगी। वह पिछले सीजन में टीम के कप्तान बने थे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ने अगले सीजन के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। वह विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रहते हुए टीम की कमान संभालेंगे।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
2016 की चैंपियन टीम सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। कमिंस ने पिछले सीजन में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था।

**मुंबई इंडियंस**
5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस एक बार फिर से हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरेगी। हार्दिक को पिछले सीजन में रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी की काफी आलोचना हुई।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल एक बार फिर से गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। पिछले सीजन में वह हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद टीम के कप्तान बने थे। गिल की कप्तानी में गुजरात आठवें स्थान पर रहा था।

**राजस्थान रॉयल्स**
2008 में खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम फिर से संजू सैमसन की कप्तानी में खेलेगी। सैमसन ने लगातार अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। राजस्थान 2022 में फाइनल तक पहुंचा था।

**कोलकाता नाइटराइडर्स**
कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। रहाणे के पास आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। वह इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रह चुके हैं।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**
लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा। पंत को कप्तानी भी सौंपी गई है। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे।

**पंजाब किंग्स**
पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। अय्यर ने अपनी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता को चैंपियन बनाया था।

### दिल्ली कैपिटल्स को कप्तान की तलाश

दिल्ली कैपिटल्स ने नए कप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। पंत अब लखनऊ की टीम में जा चुके हैं। दिल्ली के पास कप्तानी के लिए 3 बड़े ऑप्शन हैं। केएल राहुल, अक्षर पटेल और फाफ डुप्लेसिस में से किसी एक को कप्तान बनाया जा सकता है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीट भाग लेगें। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिनों तक चलने वाले आयोजन के 90 स्पर्धाओं में जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इस आयोजन में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और एशियाई पैरालंपिक समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई शामिल होंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ''भारत में ग्रां प्री की मेजबानी करना पैरा-खेलों के प्रति हमारे देश के समर्पण का प्रमाण है। यह आयोजन सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह देश में भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए एक मिसाल कायम करने के बारे में है।'

### कोहली ने छुए अक्षर पटेल के पैर...



**दुबई।** रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 249 रनों का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम 205 रनों पर सिमट गई। दरअसल, कीवी पारी की शुरूआत से ही भारत और जीत के बीच केन विलियमसन मजबूती से जमे हुए थे। लेकिन अक्षर पटेल ने अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन को आउट कर दिया। अक्षर पटेल की गेंद पर विकेटकीपर केएल राहुल ने केन विलियमसन को स्टंप किया। केन विलियमसन ने 81 रनों की अच्छी पारी खेली। जब अक्षर पटेल ने केन विलियमसन को आउट किया, उसके बाद यादगार नजारा देखने को मिला। दरअसल, विराट कोहली ने अक्षर पटेल के पैर छू लिए। इस तरह विराट कोहली ने अक्षर पटेल को विकेट लेने पर बधाई दी। बहरहाल, सोशल मीडिया पर विराट कोहली और अक्षर पटेल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन नौ से

**श्रीनगर।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे चरण का आयोजन नौ से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। इन शीतकालीन खेलों को पहले 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने बताया, 'हम नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश भर के शीर्ष शीतकालीन खेल एथलीटों के इस आयोजन में भाग लेने की उम्मीद है।' यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### हरफनमौला अक्षर ने पाया आत्मविश्वास

**दुबई।** सफेद गेंद के प्रारुप में उपयोगी हरफनमौला साबित हो रहे अक्षर पटेल की इस कामयाबी का श्रेय उनके आत्मविश्वास को जाता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को 44 रन से मिली जीत में अक्षर ने 42 रन बनाने के अलावा केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। अक्षर ने मैच के बाद मिश्रित जोन में मीडिया से कहा, 'पहले मुझे इतनी कामयाबी नहीं मिल पा रही थी और यह मेरे दिमाग में था कि मैं अपनी प्रतिभा दिखा नहीं पा रहा हूं। शायद मैं खुद पर ज्यादा दबाव डाल रहा था जबकि मुझे पता था कि मुझमें प्रतिभा है।'

# पंत लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया।

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
(Government of M.P. Undertaking)
Office of the Superintending Engineer (O&M)
Pench Hydel Power Station Totladoh, Village-Pauni, PO Pauni, Th Ramtek, Dist. Nagpur (MS) 441401
CIN-U40109MP2001SGC014882, Regd.office : Block No-9 Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur
E-mail : sepench@rediffmail.com, www.mppgcl.mp.gov.in, GSTIN No. : 27AADCM4472A1ZR
5975/9100/Pench/Tender/265 Pauni, Date : 03.03.2025

**NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for PHPS, MPPGCL, Totladoh :-

| Tender ID | Name of works/Material | EMD Rs. | Last date of online submission of e-tender | Due date of Technical opening of e-tender |
|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 399894_1 | Work of annual overhauling of units, Equipments & their associated auxiliaries of Unit# 1& 2 of 2X80MW Pench, MPPGCL | 23700/- | 18.03.2025 Up to 15:00 Hrs. | 20.03.2025 From 15:30 Hrs. onwards |

**Note :** For details please visit the Website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly Website **www.mptenders.gov.in** any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/119051/2025 // SAVE ELECTRICITY // SE (O&M)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001**
(मेल आईडी:- sp_balaghat@mppolice.gov.in फैक्स नं. -240003 कार्या. 07632-240021)
क्र./पुअ/बाला./रनि./83/2025, दिनांक 15/01/2025
**विज्ञप्ति का प्रारूप**
01. पुलिस लाईन स्थित तालाब (बड़ा) - 01
02. थाना कोतवाली परिसर स्थित तालाब (छोटा) - 02
**शर्ते निम्नानुसार है:**
1. पुलिस लाईन स्थित 01 एवं कोतवाली परिसर स्थित 02 छोटे तालाब 03 वर्षो के लिये मछली पालन एवं सिंघाडा उत्पादन के लिए वर्ष 2025-26 से 2027-28 दिनांक 31/03/2028 तक अनुबंध की अवधि रहेगी।
2. उक्त तीनों जलाशयों को मत्स्य पालन एवं सिंघाडे उत्पादन हेतु अधिकृत होगा।
3. तीनों जलाशयों को लीज पर लेने हेतु न्यूनतम राशि 3,16,000/- (तीन लाख सोलह हजार रुपए) निर्धारित की गई है। एक, एक से अधिक निविदाएं प्राप्त होने पर सबसे अधिक बोली वाली निविदा पर विचार किया जावेगा। निविदा प्रेषित करने वाले उम्मीदवार न्यूनतम लीज में 2 प्रतिशत के गुणन में राशि वृद्धि करना है। तो वह 2,4,6,8...... प्रतिशत इस प्रकार से वृद्धि कर निविदा प्रेषित करें।
4. अनुबंध के पश्चात 100 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा। भुगतान नहीं करने पर अनुबंध स्वत: ही निरस्त माना जावेगा।
5. स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के भीतर इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा कोटेशन सीलबंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक बालाघाट के नाम से रक्षित केन्द्र कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। समयावधि बाद प्राप्त कोटेशनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
6. तीनों जलाशयों हेतु अस्थायी रूप से लीज पर लेने हेतु अनुबंध पत्र 100/- रुपए के स्टाम्प पर 03 वर्ष हेतु 2025-26, 2026-27, 2027-28 माह मार्च 2028 तक नोटरी करायी जावेगी।
7. तीनों जलाशयों में शर्तो का उल्लघंन पाये जाने पर किसी भी समय नोटिस जारी कर अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा।
8. उक्त जलाशयों में किसी प्रकार की क्षति होने पर उसका उत्तरदायित्व लीज पर लेने वाले निष्पादक की होगी।
9. अनुबंध निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार पुलिस अधीक्षक बालाघाट के पास सुरक्षित रहेगा।
G-23715/24 पुलिस अधीक्षक, बालाघाट

**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking — सिंडिकेट SyndicateBank
**Recovery Section, Circle Office, 7th Floor, Ansal Towers, 38, Nehru Place, New Delhi - 110019**
**Phone No. 011-26292604; 26419921**
**E-AUCTION SALE NOTICE**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को ''जहां है जैसी है'', ''जो है कैसी है'' और जैसी भी है'' के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक ''ई-नीलामी'' को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस ए एम शाखा दिल्ली 1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालयः बी-63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057 2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी- 487330 3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी-63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057 4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी-63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057 | 3.61 एकड़ भूमि साथ में खसरा नं. 226 में शेड बिल्डिंग, जोकि गाँव ग्राम चावरपाठा, तहसील - तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश-487330 में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स योगराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि. के नाम पर है। भौतिक कब्जे के तहत | रु. 543,99,12,610.97 और दिनांक 31.05.2019 से ब्याज एवं लागत इत्यादि | a. 1,40,00,000/- b. 14,00,000/- c. 1,00,000/- d. 27-02-2025 | 20-03-2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 18-03-2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | 15.03.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से सायं 3.30 बजे के बीच श्री अमित कुमार, प्रबंधक (मो. 8979872232), श्री दर्शन कुमार गौतम, मुख्य प्रबंधक (मो. 7735448508), |

इच्छुक बोलीदाता अन्य विवरण और संपत्तियों के निरीक्षण के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक 03-03-2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## रादुविवि कुलगुरू पर महिला अधिकारी के आरोपों की जांच शुरू

# जांच कमेटी ने कुलगुरू को तलब किया

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के कुलगुरू प्रो. राजेश वर्मा पर एक महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच के लिए सोमवार को एक विशेष कमेटी ने कुलगुरू को तलब किया। महिला अधिकारी ने 21 नवंबर 2024 को आयोजित एक बैठक के दौरान प्रो. वर्मा पर अशोभनीय टिप्पणी करने और अभद्र इशारे करने का आरोप लगाया था।

यह मामला उस समय और गहरा हो गया जब रादुविवि की आंतरिक महिला हिंसा और यौन उत्पीड़न कमेटी ने इस मामले की जांच से इनकार कर दिया। इसके बाद, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच कमेटी गठित की और तत्काल जांच के निर्देश दिए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद, अधिवक्ता सरोज तिवारी की अध्यक्षता में एक पाँच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और



महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया।

जांच कमेटी में परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कांता देशमुख, सामाजिक कार्यकर्ता रीना वासनिक, सामाजिक कार्यकर्ता अंशुमन शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एम. एल. मेहरा, शामिल किय गये हैं। जो इस मामले में जांच कर रहे हैं। जिन्होंने सोमवार को कुलगुरु को तलब किया और उनके बयान दर्ज किये।

### क्या है मामला

महिला अधिकारी ने 22 नवंबर 2024 को राज्य महिला आयोग, उच्च शिक्षा विभाग, रादुविवि के कुलसचिव और राजभवन को पत्र भेजकर कुलगुरू पर लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की थी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया था कि कुलगुरू ने बैठक के दौरान अभद्र इशारे किए और अशोभनीय टिप्पणी की, जिससे वह बेहद आहत हुईं। इसके बाद, महिला अधिकारी ने रादुविवि कुलसचिव को आवेदन देकर 21 नवंबर की बैठक के सीसीटीवी फुटेज की मांग की, ताकि आरोपों के सत्यापन में मदद मिल सके। हालांकि, महिला अधिकारी को सीसीटीवी फुटेज मुहैया नहीं कराए गए, जिसके बाद उन्होंने एमपी हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में उन्होंने मांग की कि सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए और मामले की प्रगति पर निगरानी रखी जाए।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल में याचिका दायर की

# कछपुरा मालगोदाम को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग

**जबलपुर।** कछपुरा मालगोदाम को दूसरी जगह शिफ्ट करें, शिफ्टिंग हेतु समयबद्ध एक्शन प्लान करें, कछपुरा मालगोदाम हेतु एक इंस्पेक्शन समिति गठित कर उसे 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए जाए। यह प्रार्थना करते हुए डॉ. पीजी नाजपांडे अध्यक्ष, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा रजत भार्गव ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, भोपाल में याचिका दायर की।



याचिका में अंतरिम राहत हेतु प्रार्थना की गई है कि कछपुरा मालगोदाम में केवल खाद्यान्न के साइडिंग हेतु कंसेंट आदेश जारी हुआ है, लेकिन वहां पर अवैध रुप से आयरन ओर की साइडिंग हो रही है। अतः इस पर तत्काल रोक लगाई जाए, क्योंकि वह बगैर कंसेंट की है।

याचिका में बताया गया है कि स्वंय रेलवे बोर्ड ने समिति गठित की, जिसमें रहवासी क्षेत्र, स्कूल, कॉलेजेस, ऐतिहासिक स्थल तथा पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों से साइडिंग नहीं करने की अनुशंसा की है। कछपुरा मालगोदाम के पास लगभग 20 हजार रहवासी हैं, वह ऐतिहासिक गुलौआ तालाब के पास है, स्कूल नजदीक है तथा जबलपुर मास्टर प्लान का ग्रीन बेल्ट भी नजदीक है। इस कारण रेलवे बोर्ड के अनुशंसानुसार इसे हटाया जाए। एनजीटी ने इटारसी साइडिंग हेतु इंस्पेक्शन समिति गठित की थी, जिसने इटारसी के साइडिंग को शिफ्ट करने की अनुशंसा की है। इसी के तर्ज पर कछपुरा मालगोदाम को हटाया जाना चाहिए।

### हटाना ही स्थाई हल है

एड. प्रभात यादव ने बताया कि वास्तविकता में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को साइडिंग हेतु कंसेंट आदेश नहीं देना चाहिए था, इससे लगभग 20 हजार लोगों के जीवन को खतरा पैदा हुआ है। अतः कछपुरा मालगोदाम को शिफ्ट करना ही समस्या का स्थाई हल है।

इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीदों पर फिर सकता है पानी

# गर्मी के कारण गिरेगा गेहूं का उत्पादन



**जबलपुर।** इस बार मौसम विभाग ने मार्च में ही लू जैसे हालात बनने की चेतावनी दी है। आशंका है कि अगर मार्च में ही इतनी गर्मी बढ़ी तो गेहूं की फसल को बड़ा नुकसान हो सकता है। इससे गेहूं का उत्पादन 15 से 20 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। दरअसल, इस बार धान की फसल लेने के कारण बोवनी जनवरी में हो सकी थी। अभी खेत में गेहूं की हरी फसल खड़ी है। अब बढ़ती धूप देखकर फसल के जल्दी पकने की आशंका है।

कृषि विभाग का कहना है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में किसानों का रुझान धान की खेती की तरफ बढ़ा है। धान की कटाई दिसंबर तक होने के कारण गेहूं की बोवनी भी देरी से हो पाती है। इस वजह से अभी गेहूं की फसल हरी है। यह समय दाना के परिपक्व होने का है। तापमान बढने के कारण फसल जल्दी पकने लगेगी। इससे गेहूं का दाना पतला रह जाएगा। इससे गेहूं के उत्पादन में भी 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट होने की संभावना है।

### *80 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान*

*गौरतलब है कि जनवरी में ठीक ठाक ठंड पडऩे के कारण इस बार गेहूं की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन हरी फसल के दौरान धूप के तीखे तेवर देखकर अरमानों पर पानी फिरता दिख रहा है। प्रदेश के किसानों ने वर्ष 2024-25 के रबी सीजन में 138.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसल लगाई है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा गेहूं का है। सामान्य मौसम में सरकारी एजेंसियों ने इस साल 80 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है।*

त्यौहारों में यात्री सुविधाओं के लिए पमरे से रवाना होगी ट्रेनें

# जबलपुर-अयोध्या के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली एवं नवरात्र के त्यौहार में यात्रियों की अधिकता और सुविधाओं को ध्यान में रखकर पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर से अयोध्या कैंट के बीच तीन-तीन ट्रिप साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया हैं। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

### यह है टाइमिंग

स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर से अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार 12, 19 एवं 26 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे,



कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:50 बजे पहुँचकर अगले दिन मध्य रात्रि प्रयागराज छिवकी 02:30 बजे और सुबह 11:00 बजे अयोध्या कैंट स्टेशन पहुँचेगी. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट से जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार 13, 20 एवं 27 मार्च 2025 को अयोध्या कैंट स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 21:20 बजे पहुँचकर, अगले दिन मध्य रात्रि 01:10 बजे सतना, मैहर 01:35 बजे, कटनी 02:45 बजे, सिहोरा रोड 03:30 बजे और भोर में 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

### कोच कम्पोजीशन

इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 8 शयनयान श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे।

### रेलगाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम स्टेशनों पर रुकेगी।



# 5 किलो गांजे के साथ पकड़े गए 2 तस्कर


**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और सिविल लाईन पुलिस ने गत दिवस अपर लाईन सिविल लाईन के समीप शिव शक्तिधाम मंदिर के पास में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और सिविल लाईन पुलिस की टीम ने दबिश देकर शिव शक्तिधाम मंदिर के पास अपर लाईन में दो गांजा तस्करों पुराना शोभापुर रांझी निवासी 24 वर्षीय प्रशांत यादव एवं कांचघर निवासी 42 वर्षीय राजा कोरी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम गांजा और नगद 1 हजार 605 रुपए जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## दो मोबाइल और नगद 19 हजार 500 रुपए किए जब्त

# न्यूजीलैंड और इंडिया क्रिकेट मैच पर लग रहा था ऑनलाईन सट्टा

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और लार्डगंज पुलिस ने गत रात गंजीपुरा में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खिला रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल और नगद 19 हजार 500 रुपए जब्त किए है।



लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात गंजीपुरा में ज्योति इनर जोन के सामने इंडिया एवं न्यूजीलेंड के बीच चल रहे क्रिकेट मैच का सट्टा ऑनलाईन मोबाइल पर खिला रहे होमसाईंस कॉलेज के सामने नेपियर टाउन मदनमहल निवासी 52 वर्षीय भीष्म मनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। मोबाईलों को चैक करने पर सेमसंग गैलेक्सी मोबाइल में हंटर एक्सचेंज की आईडी खुली हुई मिली जिमसें 71 हजार 953.95 रूपये का बैलेंस था एवं आईटेल कम्पनी के मोबाइल में 777 बेट फोर विन की आईडी खुली है जिसमें 57 हजार 490 रूपये का बैलेंस है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दोनो मोबाइल एवं नगदी 19 हजार 500 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### वृद्ध की बिगड़ी तबियत, डाक्टर ने बचाई जान

**जबलपुर।** एमपी के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरातफरी मच गई। एक मेल एक्सप्रेस ट्रेन को अचानक 15 मिनट तक रोक दिया गया। यात्रियों ने जब जानकारी हासिल की तो पता चला कि एक कैंसर पीड़ित वृद्ध की तबियत बिगडऩे के कारण उन्हे डाक्टर ने नेबुलाइजेशन देकर जान बचाई है। खबर है कि मोहम्मद मुस्लिम कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। वे मेल एक्सप्रेस से सीएसएमटी से कोडरमा अपने परिवार के साथ जा रहे थे। ट्रेन जब नरसिंहपुर की ओर बढ़ रही थी, इस दौरान उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई, उन्हे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। डिप्टी एसएस नरसिंहपुर को जैसे ही इस बात की खबर मिली कि उन्होने तत्काल नरसिंहपुर स्टेशन पर विशेष व्यवस्था कर ली गई, रेलवे के डॉक्टर पहले से ही नेबुलाइजेशन मशीन और जरूरी दवाएं लेकर तैयार थे। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पहुंची तो डाक्टर ने मरीज को नेबुलाइजेशन दिया गया। मरीज की स्थिति को स्थिर करने के लिए ट्रेन को 15 मिनट अतिरिक्त रोका गया। इस दौरान मरीज की हालत में सुधार हुआ।

## रांझी निवासी 1 युवक घायल, परिजन राजस्थान पहुंचे

# शहर के युवकों पर जयपुर में फायरिंग

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर से खाटूश्याम व अजमेर दरगाह दर्शन करने गए जबलपुर के रांझी बापूनगर निवासी चार युवकों पर जयपुर राजस्थान के बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में रांझी निवासी अनुराग दुबे गोली लगने से घायल हो गया। जिसे जयपुर के ही एक निजी अस्पताल में भरती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही घायल युवक के परिजन राजस्थान पहुंच गए। घटना क्यों और किन कारणों से हुई इसकी जांच स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि घटना लूट के इरादे से की गई, क्योंकि इन युवकों ने जिस पेट्रोल पंप में अपनी कार में पेट्रोल भरवाया था वहां पैसों को लेकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने काफी सवाल किए, वहीं एक आशंका पुरानी रंजिश की बताई जा रही है। जीशान नाम का एक युवक अपनी यात्रा की अपडेट इंस्टा पर अपलोड कर रहा था लिहाजा लोकेशन को अपडेट कर उन पर हमला किए जाने की आशंका बलवती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बापू नगर रांझी के चार युवक 20 वर्षीय अनुराग दुबे, 23 वर्षीय जीशान खान, 22 वर्षीय अभिषेक मिश्रा व 22 वर्षीय आशुतोष सिंह कार से राजस्थान पहुंचे। चारों युवक पहले अजमेर दरगाह व फिर खाटू श्यामजी के दर्शन करके जबलपुर के लिए रवाना हो गए। जयपुर के पहाड़पुर में जीशान ने पम्प पर रोककर कार में पेट्रोल भराया, इसके बाद अनुराग कार चलाने लगा। पेट्रोल पम्प से कुछ दूर पहुंचे ही थे कि पीछे से एक और कार आई और रोकने के लिए इशारा किया। अनुराग ने जैसे ही देखा तो कार की गति और बढ़ा दी। जिसपर बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी, जिससे एक गोली अनुराग के कंधे में लगी। कार अनियंत्रित होती इससे पहले जीशान ने स्टेयरिंग संभाल लिया और भाग निकला। इसके बाद भी बदमाशों ने करीब आठ किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन टोलनाका आते ही कार सवार बदमाश दूसरे रास्ते से भाग निकले। जीशान किसी तरह थाना पहुंचा और पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने घायल अनुराग को निजी अस्पताल पहुंचाकर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी। वहीं हमले की खबर मिलते ही रांझी से युवकों के परिजन जयपुर पहुंच गए थे।





आईजी ऑफिस में संभागीय अपराध समीक्षा बैठक में गहन मंथन

# महिला अपराधों और त्योहारों में सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

आईजी अनिल कुशवाह ने सोमवार को जबलपुर जोन के अपराध समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में डीआईजी जबलपुर अतुल सिंह, एसपी संपत उपाध्याय, एसपी कटनी अभिजीत रंजन, डीआईजी छिंदवाड़ा, एसपी सिवनी, एसपी नरसिंहपुर, और एसपी पाढुरना समेत कई अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में अधिकारियों ने पिछले कुछ वर्षों में अपराधों के रुझानों पर गहन मंथन किया और उन अपराधों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिनमें वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही यह भी चर्चा की गई कि कौन से अपराधों में कमी आई है और किस प्रकार से भविष्य में उन्हें और नियंत्रित किया जा सकता है।

आईजी अनिल कुशवाह ने बैठक के दौरान यह निर्देश दिए कि पुलिस विभाग को इन अपराधों की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रयास और अभियानों को तेज करना होगा। इसके अलावा, जो अपराध पिछले वर्षों के मुकाबले बढ़ रहे हैं, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और इनकी वृद्धि को रोकने के लिए रणनीतियाँ बनाई जाएं।



### महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान

बैठक में विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों पर चर्चा की गई। आईजी ने निर्देश दिए कि महिला अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि महिला अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और इस क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं के पीछे के कारणों की जांच की जाए। आईजी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी जिले में महिला अपराधों की संख्या बढ़ी है, तो उसकी समीक्षा की जाए और तत्काल उपाय किए जाएं। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि किसी जिले में अपराधों का ग्राफ नीचे आया है, तो उस जिले के एसपी को अपनी रणनीतियों को साझा करना चाहिए, ताकि दूसरे जिले भी उन्हीं उपायों को अपनाकर अपराधों में कमी ला सकें।

### आगामी त्योहारों पर शांति बनाए रखने के निर्देश

बैठक में आगामी होली और ईद त्योहारों को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। आईजी अनिल कुशवाह ने सभी एसपी को निर्देश दिया कि इन त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समितियों की बैठकों का आयोजन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति या समूह को जो समुदायों के बीच विवाद उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। आईजी ने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हिंसा न हो, और यदि ऐसी कोई घटना होती है तो उसे तत्काल नियंत्रण में लाया जाए। उन्होंने पुलिस बल को पूरी सतर्कता के साथ काम करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में, आईजी ने अधिकारियों से कहा आगामी समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण की रणनीतियों पर फिर से चर्चा की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी निर्देशों का पालन हो रहा है।

### संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल अब 29 और 30 मार्च को

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 10 और 11 मार्च को आयोजित किया जाने वाला संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल एवं मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। दो दिवसीय यह मेला अब 29 एवं 30 मार्च को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240